22 अगस्त से 6 सितम्बर, 2025
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड




SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
Presents

Uni World
a unique destination for all uniform solutions
Edition 4

UNIFORM
& GARMENT
FABRIC
EXPO

20 21
DEC 2025

ABHAY PRASHAL
RACE COURSE ROAD
INDORE

For More Inquiry
80035 96092 uniworld.tw@gmail.com textileworld.org

ORGANIZER
SSS Media
Publications Pvt. Ltd.




पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-08-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-28 अंक-05 भीलवाड़ा/22 अगस्त 2025 कुल पृष्ठ- 30 मूल्य : 25 रुपए 1




























## अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए कपड़ा मंत्रालय ने गठित की चार समितियां

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

> वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वर्ष 2030 तक 100 बिलियन डॉलर का निर्यात होने की आशा

अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर ऊँची दर के टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार ने तैयारियां आरंभ कर दी है और विगत दिनों कपड़ा मंत्रालय ने टेक्सटाइल क्षेत्र के हितधारकों के साथ बैठक के बाद चार समितियों का गठन किया है। ये समितियां अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए अपनी सिफारशें देगी। कपड़ा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार टेक्सटाइल क्षेत्र में सुधार लाने, अमेरिका के टैरिफ और उभरती वैश्विक व्यापार स्थिति के बीच उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए चार समितियां बनाई गई हैं।

गत सप्ताह टेक्सटाइल और गारमेण्ट उद्योग के प्रमुख हितधारकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कपड़ा मंत्री श्री गिरीराज सिंह ने कहा कि सभी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद टेक्सटाइल उद्योग वर्ष 2030 तक लगभग 100 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। ये चार समितियाँ विभिन्न क्षेत्रों पर काम करेगी और अपने सुझाव देगी। ये क्षेत्र - राजकोषीय और व्यापार करने में सुगमता के उपाय, कपड़ा वैल्यू चेन में संरचनात्मक सुधार, लागत में प्रतिर्स्धामत्कता और इनोवेशन को बढ़ावा देना, जिससे वर्ष 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के कपड़ा क्षेत्र के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर 50 प्रतिशत के टैरिफ लगाने की घोषणा से देश के निर्यात पर अनिश्चितता के बादल छाने लगे हैं, क्योंकि भारत से अधिकांश निर्यात अमेरिका को किया जाता है और वह भारत का सबसे बढ़ा कारोबारी भागीदार है। टेक्सटाइल और गारमेण्ट के अतिरिक्त केमिकल व रसायन, फर्टिलाइजर, जैम एंड ज्यूलरी, शिम्प्र, सीफूड आदि अनेक वस्तुओं का निर्यात भारत से अमेरिका को किया जाता है।

शेष पेज 10 पर





















# कॉटन आयात पर लगने वाला शुल्क समाप्त



**भीलवाड़ा/** टेक्सटाइल उद्योग के प्रतिनिधिमण्डल ने नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात कर कॉटन आयात में लगने वाले आयात शुल्क को कुछ समय के लिए समाप्त करने पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छूट की अवधि को एक माह या उससे अधिक समय के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया है, ताकि छूट का अपेक्षित लाभ कपड़ा उद्योग को मिल सके। उन्हें उद्योग में व्याप्त संकट और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हेतु उपायों की तत्काल आवश्यकता से अवगत कराया। प्रतिनिधिमण्डल में मेवाड़ चेंबर के पूर्वाध्यक्ष एवं सीआईटीआई के उपाध्यक्ष श्री दिनेश नौलखा, टेक्सप्रोंसिल के उपाध्यक्ष श्री रवि सेम, सीआईटीआई के महासचिव श्री वेंकट रामराज सम्मिलित थे।

श्री नौलखा ने बताया कि ट्रम्प टैरिफ को ध्यान में रखते हुए टेक्ससटाइल निर्यातकों की लागत को कम करने के लिए सरकार ने कॉटन आयात पर लगने वाले शुल्क को पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया है। अभी कॉटन आयात पर बेसिक सीमा शुल्क एवं अन्य को मिलाकर 11 प्रतिशत शुल्क लगता है। सरकार ने वर्तमान में जारी आदेश 19 अगस्त से 30 सितम्बर तक सभी शुल्क को समाप्त कर दिया गया है।

प्रतिनिधिमण्डल ने इस छूट की सीमा को अक्टूबर माह के अन्त तक बढाने का अनुरोध किया, क्योंकि नवम्बर माह में खेतों से भारत में नया कॉटन सीजन प्रारम्भ हो जाता है। आगे वित्त मंत्री से जीएसटी युक्तिकरण के मुद्दे पर भी चर्चा हुई, जिस पर वित्त मंत्री ने टेक्सटाइल उद्योग की चिंताओं को ध्यानपूर्वक सुना और मामले पर विचार करने का आश्वासन दिया।

# भावों में बढ़ोतरी से व्यापारियों में हलचल

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**



औद्योगिक क्षेत्र का अवलोकन करने पर सहज ही यह आभास होता है कि विगत कई दिनों से विरानी दिखाई दे रही थी वह अब हलचल में तब्दील हो गई है। ग्रे क्लॉथ के भाव में बढ़ोतरी के समाचारों से दिसावरी मण्डियों के व्यापारियों के ऑफर्स से औद्योगिक क्षेत्र में रौनक परिलक्षित होने लगी है। कारखानों, सड़कों व प्रोसेस हाउस में इंद्रधनुषी रंगों की छटा दृष्टिगोचर होने लगी है, लेकिन श्रमिकों की कमी का एहसास अभी भी व्याप्त है और उत्पादक पूरी क्षमता का उपयोग कर माल तैयार करने में लगे हैं। पोपलीन, पेटीकोट, पॉकेटिंग, नाइटी, अस्तर, रूबिया, रोटो आदि के मालों की मांग बढ़ने से उद्यमियों में पर्याप्त उत्साह का संचार हो रहा है। देसावरी मण्डियों में आकर्षक पैकिंग की मांग के अनुसार पैकिंग में अधिकाधिक सुधार के प्रति उत्पादक जागरूक होते जा रहे हैं। नए उद्यमियों को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बढ़ गई है। इसका कारण यह है कि नामचीन उत्पादकों का माल तो उनके नाम व साख के कारण चलता है, परंतु नए व छोटे उद्यमियों को तो उनसे मुकाबले में बहुत कुछ करना ही पड़ता है। इसके उपरांत भी लागत अधिक के कारण उनके अस्तित्व पर संकट ही बना रहता है। बाजार की स्थिति ऐसी रही तो केवल बड़े उद्यमी ही कारोबार कर सकेंगे। उनके यहाँ सभी कार्य एक ही स्थान पर संपन्न होने से उनकी लागत कोस्ट कम आती है, वहीं छोटे उत्पादकों को हर प्रक्रिया पूरी करने हेतु अलग-अलग स्थान पर भेजना होता है, जिससे लागत बढ़ने की सम्भावना बनी रहती है। उद्यमी जब से गुणवत्ता के प्रति जागरूक हुए हैं, तब से यहाँ के उत्पादों की साख के साथ क्रेज बढ़ा है।

**योजना पर अमल** - ऐसी जानकारी मिली है कि कारखानों से निकलने वाले प्रदूषित जल को कच्छ की खाड़ी तक ले जाने की योजना पर अमल किया जा रहा है। पूर्व में भी उद्यमियों व जन प्रतिनिधियों ने प्रयास किए थे। यदि यह योजना साकार हो जाती है तो पाली, जोधपुर, बालोतरा, जसोल के लिए वरदान सिद्ध होगी और उत्पादक पूर्ण क्षमता का उपयोग कर उत्पादन कर सकेंगे। इस समस्या के निदान से औद्योगीकरण को आधार मिलेगा तथा गारमेण्ट उद्योग के साथ-साथ अन्य कई उद्योग स्थापित हो सकेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के प्रतिभाओं को सम्मानित कर स्वतंत्रता पर्व बड़ी आन-बान और शान के साथ मनाया गया। फिलहाल जैन धर्मावलंबियों के महापर्व पर्युषण के कारण उत्पादन अवरुद्ध है और वे पूजा अर्चना के साथ अन्य धार्मिक कार्यों में व्यस्त है।

# टेक्सटाइल, गारमेण्ट निर्यात में बढ़त जारी

## अब तक वैश्विक अनिश्चितता बेअसर

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

विश्व बाजार में व्याप्त अनिश्चितता के बावजूद जुलाई में भारत से टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात में बढ़त का दौर जारी है तथा 5.37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.10 बिलियन डॉलर का स्तर छू गया। गत वर्ष इसी अवधि में निर्यात 2.94 बिलियन डॉलर का हुआ था। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों यानि अप्रैल से जुलाई के दौरान देश से टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेण्ट का कुल निर्यात गत वर्ष की तुलना में 3.87 प्रतिशत बढ़कर 12.18 बिलियन डॉलर हो गया। गत वित्त वर्ष में पहले चार महीनों का निर्यात 11.73 बिलियन डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार जुलाई में रेडीमेड गारमेण्ट का निर्यात 1.34 बिलियन डॉलर हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात 1.28 बिलियन डॉलर की तुलना में 4.75 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल-जुलाई में कुल गारमेण्ट निर्यात 7.87 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के साथ 5.53 बिलियन डॉलर हो गया, जो गत वर्ष इसी अवधि में गारमेण्ट निर्यात 5.15 बिलियन डॉलर था।

इसी प्रकार जुलाई में टेक्सटाइल निर्यात (यार्न, कपड़े, मेड-अप और हथकरघा आदि) गत वर्ष जुलाई की तुलना में 5.17 प्रतिशत बढ़कर 1.02 बिलियन डॉलर हो गया। गत वर्ष जुलाई में निर्यात केवल 970.5 मिलियन डॉलर ही था। इस तरह अप्रैल-जुलाई 2025 में कुल निर्यात 3.88 बिलियन डॉलर रहा, जो गत वर्ष के 3.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में मामूली कम है। मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) टेक्सटाइल का निर्यात जुलाई में 4.05 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता हुआ 422 मिलियन डॉलर हो गया, जो गत वर्ष जुलाई में 405.6 मिलियन डॉलर था।

अप्रैल-जुलाई में मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) टेक्सटाइल का निर्यात 1.13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.59 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि गत वर्ष जुलाई में यह राशि1.57 बिलियन डॉलर थी। कपड़ा मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार जूट उत्पाद (फ्लोर कवरिंग सहित) का निर्यात इस वर्ष जुलाई में 32.4 मिलियन रहा, जबकि जुलाई 2024 में 25.6 मिलियन डॉलर था। इस प्रकार निर्यात में 26.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस मद में चार महीनों में कुल निर्यात गत वर्ष की तुलना में 15.78 प्रतिशत बढ़कर 126.1 मिलियन डॉलर हो गया। गत वर्ष निर्यात 108.9 मिलियन डॉलर का हुआ था। इसी प्रकार कालीन का निर्यात जुलाई में 8.05 प्रतिशत बढ़कर 133 मिलियन डॉलर हो गया, जबकि अप्रैल-जुलाई में 3.57 प्रतिशत सुधरकर 503.9 मिलियन डॉलर हो गया। हस्तशिल्प ( जिसमें हस्तनिर्मित कालीन शामिल नहीं हैं) का निर्यात जुलाई में 10 प्रतिशत से बढ़कर 153.4 मिलियन डॉलर हो गया। चार महीनों में इस मद में निर्यात लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 552.0 मिलियन डॉलर हो गया।

कपड़ा मंत्रालय का कहना है कि विश्व में मिश्रित व्यापारिक परि-स्थतियों के बावजूद टेक्सटाइल सेक्टर की 6 प्रमुख आयटमों का निर्यात जुलाई में बढ़कर 3.1 बिलियन डॉलर हो जाना इस बात को दर्शाता है कि भारतीय निर्यात में लचीलापर है। मंत्रालय ने अनुसार निर्यात वृद्धि में प्रमुख योगदान रेडीमेड गारमेण्ट, जूट, कालीन और हस्तशिल्प का रहा जिनकी मांग निरंतर बनी हुई है। यह इस बात का सबूत है कि भारतीय टेक्सटाइल उद्योग कॉटन से लेकर एमएमएफ परम्परागत हस्तशिल्प और पर्यावरण के लिए अनुकूल जूट उत्पादों तक में विभिन्न आयटम तैयार करने में सक्षम है।

मंत्रालय के अनुसार आरओएससीटीएल, आरओडीटीईपी, पीएलआई, पीएम मित्रा पार्क और राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम जैसी योजनाएं टेक्सटाइल सेक्टर में आधुनिकीकरण, नवाचार करने और विविधता लाने में सक्षम बना रही है। इसके अतिरिक्त समर्थ (एसएएमएआरटीएच) जैसी योजनाएं श्रमिकों को आवश्यक कौशल से सुसज्जित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने देश के टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेण्ट के आधुनिकीकरण के लिए अनेक योजनाएं लागु की हुई हैं ताकि उत्पादन लागत को कम करके विश्व बाजार में अन्य देशों से मुकाबला किया जा सके। जानकारों का कहना है कि अब तक देश से गारमेण्ट का निर्यात अधिक बना हुआ है, लेकिन अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद आगामी महीनों में निर्यात को झटका लग सकता है। उल्लेखनीय है कि टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात का एक बड़ा भाग अमेरिका को निर्यात किया जाता है। हालांकि यूके, आस्ट्रेलिया आदि देशों के साथ व्यापार संधि होने से देश से गारमेण्ट के निर्यात में वृद्धि होगी, लेकिन उसमें समय लग सकता है और अमेरिका को हुए निर्यात में कमी की भरपाई नहीं की जा सकेगी।

# सूटिंग-शर्टिंग और रेडीमेड में ग्राहकी जबरदस्त

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी धीमी पड़ गई है। 15 अगस्त तक तो व्यापार अच्छा चला और आगे दिसंबर 2025 में पर्युषण पर्व शुरू हो रहे हैं। अभी धार्मिक कार्यक्रम का समय है और जरूरत के मुताबिक कपड़ा रेग्युलर आ रहा है। अभी साड़ियाँ, ब्लाउज पीस, रेडीमेड का चलन ज्यादा ही बढ़ गया है। साथ ही राजपूती ड्रेसेज, ड्रेस मटीरियल, सलवार सूट, धोती जोड़ा, सूटिंग-शर्टिंग, रेमंड कॉटन, प्रिंट शर्टिंग का चलन भी अच्छा है। पेमेंट की आवक ठीक है।

# वस्त्र व्यापारियों को सीजन का इंतजार

**उदयपुर/ नवीन कोठारी...**

आलोच्य पखवाड़े में रक्षाबंधन की ग्राहकी आशानुरूप हुई। व्यापारियों ने डिस्काउंट सेल लगाकर अच्छी बिक्री की। कई व्यापारियों ने स्टॉक क्लियर किया और कई ने नया माल मंगवाकर बेचा। कुल मिलाकर रक्षाबंधन वस्त्र व्यापारियों के लिए अच्छा रहा। अब बाजार में नरमी का रूख है। आगामी दिनों में बाजार के उठाव की उम्मीद नजर नही आ रहीं है, क्योंकि कुछ दिनों बाद जैन धर्म का धार्मिक पर्व 'संवतसरी' आने वाला है। वस्त्र बाजार में जैन बंधुओं की बहुत बड़ी संख्या में भागीदारी होने से बहुत से व्यापारी संतो से प्रवचन सुनने और विभिन्न धार्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। इसके पश्चात् श्राद्ध पक्ष की शुरूआत से बाजार मंदा रहेगा। स्थानीय वस्त्र व्यापारी अब आगामी सीजन का इंतजार कर रहे हैं। वस्त्र व्यापारियों को अनुमान रहता है कि कब बाजार मंदा रहेगा और कब बाजार में उठाव रहेगा। इसलिए मंदी पर भी व्यापारी निराश नहीं होते और उस समय का वे सदुपयोग करते हुए आने वाले सीजन की तैयारी में जुट जाते हैं। कई व्यापारी ऐसे समय में प्रतिष्ठानों के रिनोवेशन करवाते हैं तो कई आने वाले दिनों की रूपरेखा तैयार करते हैं। विशेषज्ञों की माने तो आने वाले दिन वस्त्र बाजार के लिए आशानुरूप रहेंगे।

# टैरिफ के चलते अमेरिका को गुड़ निर्यात होगा कम

**कोल्हापुर/ राहुल खाडे**

कोल्हापुर के गुड़ की मिठास पूरी दुनियाभर पहुँची है। जिससे यहाँ के गुड़ को कई देशों में मांग है, जबकि कोल्हापुर के गुड़ की सबसे ज्यादा मांग होने वाले अमेरिका ने आयात शुल्क (टैरिफ) लागू करने से कोल्हापुर के गुड़ की मिठास कम होने की संभावना है। दुनियाभर के कई देशों में कोल्हापुर से हर साल डेढ लाख किलो गुड़ निर्यात किया जाता है। इसमें से अकेले अमेरिका में 500 क्विंटल गुड़ की निर्यात होती है। यहाँ के गुड़ पर पहले से 100 फीसदी आयात शुल्क लगता था, लेकिन ट्रम्प सरकार ने अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने के चलते अमेरिका में कोल्हापुरी गुड़ महंगा होगा। आयात शुल्क के चलते महंगे हुए कोल्हापुरी गुड़ की मांग घटने की आशंका कोल्हापुर के गुड़ व्यापारियों को है, जिससे आयात शुल्क हटाने की मांग की जा रही है।










Kalpatru
TRULY WONDERFUL
Manufacturers Of Exclusive
Shirtings & Corporate Uniform
KALPATRU SYNTHETICS
PRIVAT LIMITED
CORP. OFF:- Rajlaxmi Comm. Complex,
'J' Bldg., 2nd Floor, Gala No. 216 to 218
Kalher Village, Bhiwandi,Thane- 421 302.
Tel: 95951-46883, 95952-46882
REGD. OFF:- 26, Bandrawala Bldg., 2nd Floor, 16,
Dadi Seth Agiari Lane, Mumbai- 02.
Ph.: 022-2240 0642 / 40056305,
Mob.: 93202-12219, 80807-77101
Helpline no +91 7219896584 | E-mail: kalpatru_syn@yahoo.co.in


JINDAL FAB
SUITINGS & SHIRTINGS
JINDAL FABRICS PVT. LTD.
MUMBAI


Collection of Impression
The Perfect Man
Servicom's
FINE SUITINGS
Servicom Rayon India
e-mail : servicomrayonindia@yahoo.in
Mumbai office :
99, Dadiseth Agiary Lane, 2nd, Floor, Mumbai-2
Ph.: 022-22050755, Cell : 093242-20245
Bhilwara Office:
G-9/10, 4th Phase, RIICO Ind. Area, Bhilwara (Raj.)
Ph.: 01482-297324, Cell: 094141-14324


A Legacy
of Quality
Interlinings
Talco
Products
MICRODOT FUSIBLE INTERLININGS
M. LACHHMANDAS & CO.
282, Kalbadevi Road, Opp. Vithal Wadi, Mumbai - 400 002.
Phone: 91-22-40348569 (100 Lines), 2208 8569
E-mail: talcofuse@hotmail.com | Website: www.talcofuse.com


www.sparshfab.com
Sparsh-Fab
UNIFORM FABRIC
THOUGHTFUL UNIFORMS
पेश है
3X COOL
TM
एक ऐसी टेक्नोलॉजी जो रखे पहनने वालों को कम्फर्टेबल दिनभर और
आप को रखे व्यवसाय में अग्रेसर।
एक ऐसा फैब्रिक जो सोखे पसीना १० सेकण्ड्स में, दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ.
डायनामिक ड्राइंग
मॉइस्चर को सोखे, कपडे को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त.
एयर परमेएबिलिटी
ज्यादा एयर परमीअबिलिटी रखे आप को आरामदेह और कूल
सॉइल रिलीज़
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान
चैक्स और लाइनिंग में ३६ पन्ने में तैयार स्टॉक
ऑन डिमांड अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध
यह फीचर कैसे काम करता है यह जानने के लिए स्कैन करें
आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्क :
98202 07953 / 74200 24089


A Timeless Legacy,
Inspiring Fashion For Generations.
come home to
Siyaram's
Scan the QR Code and
Watch the Video
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries,
contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: 09820197273.
Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:
You Tube


modella
Since 1965
We Weave Warmth!
CLASSIC
BLAZER
modella
Fashion
FINEST TWEED FABRICS
FOR TRADE ENQUIRY : Contact : 82640-40737 | Website : www.modella.in | Email: modella.wool@gmail.com


LINEA LUSSO
TESSITURA
MONTI
100 % Giza Cotton
Luxury Shirting Fabrics
TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.
Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer,
Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra.
INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in
Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in
@TESSITURAMONTI.INDIA
Tessitura Monti India Pvt.Ltd.
BORN
IN
ITALY
1911
BCI
OEKO TEX
Lenzing

## आगामी सीजन की तैयारी में जुटे व्यापारी

**आकोला/ राजेश जैन**

15 अगस्त के बाद स्थानीय व्यापारियों ने देसावर जाना शुरू कर दिया है और आगामी पर्व गणेशोत्सव का त्योहार की तैयारी में लग गए हैं। महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की धूमधाम देश में सबसे ज्यादा रहती है। इस महोत्सव में मण्डप के कपड़ों का जबरदस्त व्यापार होता है। साथ ही गणेशोत्सव के बीच महालक्ष्मी का भी आगमन होता है। गणेशोत्सव के बाद श्राद्ध आते हैं और श्राद्ध में व्यापारी पूरी तरह खरीदी में लग जाते हैं। माल की डिलिवरी नवरात्र आरम्भ होते ही लेते हैं। आगे नवरात्रा से ही दीपावली की खरीदी शुरू हो जाती है। इसी बीच भगवान की कृपा से बीच में बरसात हमारे क्षेत्र से गायब हो गई, लेकिन अगस्त के दूसरे सप्ताह से वापसी होने से चारों और खुशनुमा वातावरण बन गया है। फिलहाल मार्केट में ग्राहकी कम है। इसी तरह हर वर्ष जैसे-जैसे दीपावली -दशहरा पर्व आता है, वैसे-वैसे मार्केट के हालात सुधर जाते हैं।

## नवकार लाइफस्टाइल द्वारा शर्टिंग फैब्रिक में नया डवलपमेण्ट तैयार

मुम्बई/ शर्टिंग फैब्रिक में विख्यात ब्राण्ड '**नवकार लाइफस्टाइल**' द्वारा आगामी सीजन की जबरदस्त तैयारियां की है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री प्रतीक कोठारी ने बताया कि कम्पनी हमेशा अपने व्यापारियों की टेस्ट के अनुसार शर्टिंग फैब्रिक का उत्पादन करती है। कम्पनी हमेशा ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हर सीजन पर फोकस करने में अग्रणी है।

श्री कोठारी ने बताया कि कम्पनी द्वारा आगामी नवरात्री, दशहरा एवं दीपाावली सीजन को ध्यान में रखते हुए शर्टिंग फैब्रिक में हर प्रकार की वैरायटी बना रही है। कम्पनी द्वारा पोकेटिंग, फ्लोवर प्रिंट, ऑल ओवर प्रिंट रेंज, लाईनिंग, चैक्स में अनेक वैरायटियां बनाई जा रही है, जो व्यापारियों को खूब पसंद आ रहीं है। इसके अलावा कम्पनी द्वारा लेडीज वियर के लिए प्रिंट के अनेक आयटम बनाकर भारत की तमाम मण्डियों में फैब्रिक डिमांड के साथ सप्लाई किया जा रहा है।

## रक्षाबंधन के बाद आगामी तैयारी में व्यापारी

**सतना/ बलराम शुक्ला**

इस बार लगातार उत्सव में साड़ियों की डिमाण्ड रही है। रक्षाबंधन और जन्माष्टमी त्योहार के बाद इस वर्ष कपड़ों पर थोक व्यापारियों ने नया प्रयोग किया है। इस वर्ष सूरत और मथुरा से करोड़ों रूपये का कारोबार हुआ है और जन्माष्टमी पर्व पर भगवान कृष्ण की पोषाक, मुकुट, झूला, गद्दी आदि भगवान के ओढने-बिछाने के वस्त्र का खूब कारोबार हुआ। सतना के रूबिया और धागे के व्यापारी गेलानी थ्रेड हाउस ने इस वर्ष एक अच्छा प्रयोग किया। भगवान श्री कृष्ण के सौन्दर्य एवं साज-सज्जा में लगने वाले मुकुट, बंशी, झूला वस्त्र का खूब स्टॉक किया और सफलता भी मिली, क्योंकि त्योहारों में खूब उत्साह रहता है। लोग मन से खर्च भी कर रहे हैं। इस वर्ष भगवान के झूले आकर्षण का केंद्र रहें। सुहागिन औरतों एवं कुंवारी कन्याओं के मनवांछित फल पाने का त्योहार, जो भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती को समर्पित है। इस त्योहार में लाल-पीली-हरी चुनरी, प्रिंट साड़ियों की मांग रहती है। इसलिए स्थानीय व्यापारियों ने भरपूर तैयारी कर रखी है ।









# होलसेल कपड़ा व्यापार की जानी मानी फर्म मदान टेक्सटाइल


श्री भारतभूषण मदान


श्री शिव कुमार मदान


श्री अजय कुमार मदान


श्री मनीष मदान


श्री नकुल भारतभूषण मदान

नागपुर/ स्थानीय गांधीबाग होलसेल बाजार में मदान टेक्सटाइल सन् 1980 में स्व. श्री ज्ञानचंद मदान द्वारा शुरू की गई थी। तब से निरंतर व्यापार में क्रिएशन करते हुए स्थानीय वस्त्र मण्डी की शीर्ष फर्मों में शुमार हो चुकी है। उस समय कॉटन कपड़े का कारोबार किया जा रहा था। व्यापार में मिली सफलता के चलते सन् 1982 में इनके सुपुत्र श्री भारतभूषण मदान कारोबार में शामिल हुए और अपने कार्यकौशल एवं अनुभव से फर्म को ऊँचाइयां प्रदान करते हुए देश के कई ब्राण्ड का कार्य कर रहे हैं।



**प्रमुख ब्राण्ड्स-** कपड़ा व्यापार में सूटिंग-शर्टिंग की सप्लाई की जा रही है, जिसमें Absoluto ब्राण्ड के डीलर है और रेमण्ड यू-कोड, संगम, मफतलाल, सियाराम यूनिकोड, गुरूदेव फैब, अरविंद लि. (मैचिंग) इत्यादि नामचीन ब्राण्ड शामिल है। यूनिफॉर्म आपूर्ति में स्कूल यूनिफॉर्म फैब्रिक, हॉस्पिटल इत्यादि में बेहतर सप्लाई होती है। श्री मदान ने बताया कि रेडीमेड यूनिफॉर्म उत्पादन में हमारा स्वयं का ब्राण्ड ग्रीनवेज के अंतर्गत सभी सेक्टर के लिए यूनिफॉर्म सप्लाई की जा रही है।



**बेडशीट उत्पादन-** फर्म के अंतर्गत बेडशीट, पर्दा कर्टेन, क्लॉथ इत्यादि शामिल है। जिसके लिए Drapeon नाम से रजिस्टर्ड ब्राण्ड है, जिसके अंतर्गत डिमांड से सप्लाई की जा रही है। बेडशीट मुम्बई, पूना एवं महाराष्ट्र की कई मण्डियों में सप्लाई की जा रही है।



**शर्टिंग-** मफतलाल, क्यूमैक्स, स्पर्श फैब इत्यादि।

**सेल्स नेटवर्क-** इनका व्यापार नागपुर शहर के अलावा 200 किमी. सराउडिंग एवं तेलंगाना में बेहतर नेटवर्क स्थापित है।

**प्रबंध कार्य टीम-** व्यापार में इनके अनुज श्री अजय कुमार मदान, श्री शिव कुमार मदान, श्री मनीष मदान एवं सुपुत्र श्री नकुल मदान के संयुक्त नेतृत्व से बेहतर प्रबंध व्यवस्था के तहत कार्य किया जा रहा है।

# 30 वर्षों से सतत रूप से कपड़ा व्यापार में प्रगति पथ पर सामरा सिंथेटिक्स

**अमरावती**

स्थानीय तख्तमल होलसेल कपड़ा व्यापार में शीर्ष स्तर की फर्म 'सामरा सिंथेटिक्स' पिछले 30 वर्षों से इस क्षेत्र में व्यापार कर रही है। फर्म के संस्थापक ऑनर श्री हरीश सामरा ने कपड़ा व्यापार में काफी डवलपमेण्ट किया है। इस कार्य में मिली सफलता के मद्देनजर 11 वर्ष पूर्व सहयोगी फर्म oovi fashion की स्थापना की गई, जिसमें कई नामचीन कम्पनियों का कार्य किया जा रहा है। कपड़ा व्यापार में इनके युवा सुपुत्र श्री धर्मेश सामरा वर्तमान कपड़ा व्यापार के ट्रेंड


श्री हरीश सामरा

के तहत न्यू क्रिएशन करते हुए कार्य कर रहे हैं। अपने कारोबार के बारे में श्री धर्मेश सामरा ने


श्री धर्मेश सामरा

बताया कि oovi fashion के अंतर्गत यूनिफॉर्म सेक्टर में वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिसकी सप्लाई स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, कॉर्पोरेट इत्यादि में की जा रही है। यूनिफॉर्म साड़ी, दुपट्टा, सजना साड़ी, मफतलाल कम्पनी की सप्लाई कर रहे हैं। यूनिफॉर्म ब्लेजर एवं टी-शर्ट उत्पादन के लिए हमारा स्वयं का सेटअप स्थापित है, जिसके अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं को सप्लाई कर रहे हैं। श्री सामरा ने बताया कि यूनिफॉर्म टी-शर्ट का चलन बढ़ने से इसकी फैब्रिक भी हमारी फर्म सप्लाई कर रही है। फर्म का सेल्स नेटवर्क अमरावती शहर एवं इसके आसपास 150 किमी. क्षेत्र में मजबूत होने से काफी व्यापारी जुड़े हुए हैं।









# ऑलटाइप रेडीमेड यूनिफॉर्म, मेन्स वियर एथनिक ब्राण्ड एवं लेडीज वियर रेडीमेड उत्पादन सप्लाई में शीर्ष फर्म फ्रेंड Regd.

नागपुर/ स्थानीय वस्त्र बाजार सीताबडी में प्रतिष्ठित फर्म 'फ्रेंड Regd. के ऑनर श्री किशन चुड़ीवाल सन् 1980 से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। वैसे इनका कपड़ा व्यवसाय इनके दादाजी स्व. श्री भजन लाल चुड़ीवाल एवं पिताजी श्री पुरूषोत्तमदास चुड़ीवाल द्वारा 95 वर्ष पूर्व ही कपड़ा व्यापार में कदम रख दिया था। उस समय लुंगी, बंडी एवं शोलापुर चद्दर इत्यादि से शुरूआत की गई थी। आगे समय के साथ सन् 1988 में श्री किशन चुड़ीवाल द्वारा बाजार की बदलती स्थिति के अनुसार रेडीमेड यूनिफॉर्म उत्पादन एवं सप्लाई में शुरूआत की, जो वर्तमान में बेहतर ब्राण्ड बन चुका है।

### यूनिफॉर्म सेक्टर-

इसके अंतर्गत स्कूल यूनिफॉर्म, कॉलेज यूनिफॉर्म, कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म का उत्पादन कर विभिन्न सेक्टर में सप्लाई की जा रही है।

### रिटेल सेक्टर-

इसके अंतर्गत मेन्स वियर में एथनिक उत्पाद एवं वूमन्स वियर के सभी रेडीमेड ब्राण्ड की क्वालिटी प्रॉडक्ट की सेल की जा रही है। श्री चुड़ीवाल ने बताया कि पुलिस खाकी, ब्ल्यू कलर सरकारी विभागों में सप्लाई की जा रही है। वर्ष 2023 तक इंडिगो एयरलाइन में भी सप्लाई की जा रही थी।

### फैब्रिक ब्राण्ड-

वेलवर्थ, ओसियाना, संगम, बांसवाडा सिंटेक्स, बजाज एवं चेयरमैन कम्पनियों के उत्पाद शामिल है।

### शर्टिंग

सूरत एवं अहमदाबाद निर्मित सप्लाई करते हैं।

### रेडीमेड प्लांट

रेडीमेड यूनिफॉर्म उत्पादन के लिए इनका स्टीचिंग प्लांट है, जिसमें मॉडर्न मशीने स्थापित कर रखी है। फर्म में भीलवाड़ा के अलावा मफतलाल, वॉकीटॉकी एवं वाल्कमेन कम्पनियों की फैब्रिक उपयोग में ली जा रही है।

# रूई की कमजोर मांग और नई आवक से भाव पर दबाव

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय...** टेक्सटाइल क्षेत्र में बढ़ी अनिश्चितता के कारण स्पिनिंग मिलों की कमजोर मांग और कई सेंटर पर नये कपास की आवक शुरू हो जाने से रूई में गिरावट दर्ज की गई है। हाजिर बाजार में पुरानी रूई का भाव जो एक समय 58000 रू. तक पहुँच गया था, अब करीब एक हजार रूपये कम हो गया है। कई राज्यों में कपास की खेती पहले की गई थी और फसल को अच्छी बारिश मिलने के बाद यह बाजारों में आ रही है। दक्षिण के राज्यों में बारिश का आगमन पहले होने के कारण इस वर्ष कर्नाटक एवं आंध्रप्रदेश के कुछ हिस्सों में कपास मण्डियों में समय से कुछ पहले आ सकती है। आमतौर पर देश में अक्टूबर महीने से कपास की नई पैदावार बाजारों में आनी शुरू हो जाती है।

कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आंकडों के अनुसार राज्यवार कपास की दैनिक आवक 170 किलोग्राम की 8300 गांठ होने का अनुमान है। तमिलनाडु 2400 गांठ की आवक के साथ सबसे आगे है। उसके बाद गुजरात तथा महाराष्ट्र में 1700 गांठ और कर्नाटक में 1500 गांठ के होने का अनुमान है। सितम्बर को पूर्ण होने वाले वर्ष 2024-25 की सीजन के लिए कुल 300.58 लाख गांठ की आवक रही है। कपास की स्थिति बहुत अच्छी है। गर्मी में ली जाती फसल में करीब 10 प्रतिशत की नमी के साथ नये कपास का भाव प्रति खंडी अर्थात् 356 किलो का भाव 55000 से 55900 रू. है। कच्चे कपास का भाव प्रति क्विंटल 7000 रू. है जो गत वर्ष की शुरूआती सीजन जैसा भाव है।

अक्टूबर से शुरू होने वाली सीजन के लिए देश में कुल कपास की खेती में 3.35 प्रतिशत की कमी का अनुमान है। सबसे अधिक कपास उत्पादक वाला राज्य महाराष्ट्र में वर्ष 2025-26 में कपास की बुवाई पिछले वर्ष के 50.42 लाख हेक्टेयर से 6.12 प्रतिशत घटकर 38.04 लाख हेक्टेयर हो गया है। पिछली सीजन के मुकाबले पंजाब, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में कपास क्षेत्रफल बढ़ा है, जबकि गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान में घटा है। किसानों के स्थिर और कम खर्चीली खेती की ओर बढ़ने से गिरावट आई है। जहाँ एक ओर कपास एवं रूई में बाजार अस्थिर एवं लागत बढ़ी है, तो वहीं दूसरी ओर प्रति हेक्टेयर उत्पादकता कम होने से किसानों को अपेक्षित मार्जिन नही मिल रही है। सीजन की शुरूआत से ही देश में कम उत्पादन अनुमान के बावजूद सीसीआई ने यदि बाजार दखलंदाजी नहीं की होती तो किसानों का कपास से मोहभंग हो जाता। सीसीआई ने पूरे देश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 100 लाख गांठ से अधिक की खरीदी सीधे किसानों से की थी। इनमें से अधिकतर स्टॉक बेचा जा चुका है। सीसीआई के पास अब 26 लाख गांठ होने का अनुमान है। किसानों के पास पुराने कपास का स्टॉक नही है। देश में रूई का उत्पादन कम होने से आयात बढ़ता है और रूई का आयात बढ़ा और निर्यात घटा है। वीविंग कमजोर होने से रूई में तेजी की उम्मीद कम है। चीन जैसे देश में सतर्कता का रूख है।



# Navsari Cotton Mills KING OF KURTA FABRICS की ऑल इंडिया होलसेल एवं रिटेल कॉन्फ्रेंस अच्छे प्रतिसाद के साथ संपन्न





## कुर्ता फैब्रिक्स की नयी वैरायटियों में भरपूर बुकिंग

मुम्बई/ किंग ऑफ कुर्ता फैब्रिक्स के नाम से विख्यात 'नवसारी कॉटन मिल्स' द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए अनेक नये डवलपमेण्ट पेश कर रही है। कम्पनी द्वारा 3 से 6 अगस्त 2025 को अपनी ऑल इंडिया होलसेल एवं रिटेल कॉन्फ्रेंस अछवियो रिसोर्ट वाडा, महाराष्ट्र में भव्य आयोजन किया, जहाँ ऑल इंडिया से लगभग 300 व्यापारियों ने भाग लेकर इस कॉन्फ्रेंस को सफल बनाया।

कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ कम्पनी की डायरेक्टर्स टीम श्री सुभाष जैन, श्री शांतिलाल जैन एवं श्री अशोक जैन के साथ उपस्थित व्यापारियों द्वारा किया गया। कम्पनी के युवा डायरेक्टर श्री दिशांत जैन ने बताया कि आज 'नवसारी कॉटन' कुर्ता फैब्रिक्स के लिए भारत की तमाम मण्डियों में अपना अहम स्थान रखती है और पूरे भारत में अपनी पैठ जमाई है। हाल ही में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा एथनिक वियर, एम्ब्रॉयडरी, इम्पोर्टेड फैब्रिक्स, लोन बेस प्रॉडक्ट, डिजिटल प्रिंट, नेक वर्क कुर्ता, लिनन फैब्रिक, खादी फैब्रिक का भव्य डिस्प्ले किया गया। इस डिस्प्ले में कम्पनी द्वारा अनेक कलर रेंज डवलप कर चार्ट तैयार किए गए, जो व्यापारियों को काफी पसंद आए।



श्री जैन ने बताया कि 'नवसारी कॉटन' ने हमेशा हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए फैब्रिक्स कलेक्शन तैयार किया है और समय-समय पर अपने व्यापारियों के लिए नये डवलपमेण्ट तैयार करने में अग्रणी है। इस नये डवलपमेण्ट को देखकर व्यापारियों ने रेंज की जमकर प्रशंसा की एवं बढ़-चढ़कर बुकिंग भी कराई।













# जीएसटी स्लेब दरें कम होने से सस्ता हो सकता है गारमेण्ट

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

स्थानीय ग्राहकी बहुत ही कमजोर है। रिटेलर्स का कामकाज आठ से दस प्रतिशत के बीच है। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखकर रिटेलर्स नई वैरायटी की खरीदी करने लगे थे। देश में अच्छी बारिश होने से देसावरी मण्डियों की मांग इस त्योहारी सीजन में अच्छी रहने का अनुमान है। टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग का निर्यात घटने की आशंका से बाजारों में बिकवाली का दबाव रहने की बढ़ती संभावनाओं के कारण गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन बढ़ाने पर जोर कमजोर होता दिख रहा है। हाल ही गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन सुधार अपेक्षा से कम है। दीपावली से जीएसटी की मौजूदा चार स्लेब दरों में से दो दरें कम हो जाएगी।

गारमेण्ट इकाइयों में शर्टिंग की मांग अच्छी निकली है। त्योहारी एवं आगामी वैवाहिक सीजन के कारण फैंसी एवं फैशनबेल शर्टिंग की उम्दा वैरायटी में कामकाज थोडा बढ़ा है, परंतु यार्न डाइड शर्टिंग की मांग कम हो गई है। यार्न डाइड शर्टिंग में हमेशा से अच्छा कारोबार हो रहा था, लेकिन इसमें कमी का संकेत मिला है, जबकि पीस डाईड में मिलों द्वारा बड़े पैमाने पर नये प्रॉडक्ट बाजार में उतारने से इस वैरायटी में अच्छी डिमाण्ड है। सूटिंग में ग्राहकी धीमी और जरूरत के अनुसार रही है, जबकि जींस में मांग बनी हुई है। जींस एवं टी-शर्ट के साथ महिलाओं के लिए फैंसी कुर्ती में कारोबार अपेक्षानुसार है।

दीपावली पर जीएसटी की दरों को तर्क संगत बनाया जा रहा है। जीएसटी की मौजूदा चार दरों में से अब दो दरें में एक पाँच और दूसरी लगभग 18 प्रतिशत की होगी। इससे गारमेण्ट सस्ता हो सकता है, लेकिन कौन, कितना सस्ता अथवा महंगा होगा इसकी जानकारी विवरण आने पर ही पता चलेगा। टैरिफ बढ़ने के बाद अमेरिकी बाजारों में गारमेण्ट कारोबार बढ़ाने का अवसर कम हो गया है। निर्यात में चुनौतियां है एवं निर्यातकों के सामने संकट गहरा है। सरकार इन चुनौतियों को समझ रहीं है और चाहती है कि देसी बाजारों को मजबूती मिलें। साथ ही जीएसटी दरें कम होने का लाभ ग्राहकों को होगा।

अतः निर्यात के लिए दाम कम और माल दमदार होनी चाहिए। इसमें दोराय नही है कि देश के रेडीमेड गारमेण्ट निर्यात के लिए अमेरिका सबसे बडा बाजार है। आंकडों के अनुसार वर्ष 2024 में भारत के कुल गारमेण्ट निर्यात में अमेरिकी हिस्सा लगभग 33 प्रतिशत था और यूएस में टॉप गारमेण्ट निर्यातकों में भारत का स्थान चौथा है। वहीं चीन का निर्यात हिस्सा वर्ष 2024 में घटकर 21.9 प्रतिशत रहा है, जो पूर्व में 27.4 प्रतिशत था। फिर भी यूएस को गारमेण्ट की आपूर्ति में चीन पहले स्थान पर बना हुआ है तथा दूसरे नंबर पर वियतनाम और तीसरे नंबर पर बांग्लादेश आता है। चीन भी रूस से तेल खरीदता है, जिस कारण अमेरिका ने चीन पर टैरिफ कम लगाया है, जबकि भारत पर अधिक लगाकर दबाव बनाना चाहता है।









# एब्सोल्यूटो की उदयपुर ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस में फेस्टिव व विंटर कलेक्शन की धूम

## 'नया फैशन और नई सोच' थीम के साथ जीता व्यापारियों का दिल










मुम्बई/ प्रीमियम मेन्स फैशन ब्राण्ड्स 'एब्सोल्यूटो' और 'एलिट' ने 1 से 4 अगस्त 2025 तक उदयपुर के अनन्ता रिसोर्ट में ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया। केबीएस इण्टरनेशनल द्वारा आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में उन सभी लीडिंग चैनल पार्टनर्स, डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और रिटेलर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो फुकेत कॉन्फ्रेंस में नहीं गये थे। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य आगामी फेस्टिवल, वेडिंग और विंटर सीजन हेतु नवीनतम कलेक्शन का प्रदर्शन करना था। चार दिवसीय इस आयोजन ने व्यापारिक रणनीति, उत्पाद बुकिंग और नेटवर्किंग के साथ-साथ झीलों की नगरी उदयपुर के पर्यटन स्थलों की सैर ने पूरे आयोजन को अति आनन्दित बना दिया।

पहले फुकेत एवं अब उदयपुर कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केबीएस इण्टरनेशनल ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह न केवल फैशन इंडस्ट्री में क्वालिटी और इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि अपने पार्टनर्स के साथ स्थायी और लाभकारी संबंधों के बलबूते ब्राण्ड विस्तार करने का विजन रखती है। इस कॉन्फ्रेंसेज के माध्यम से 'एब्सोल्यूटो' और 'एलिट' ने फिर एक बार यह साबित किया है कि भारत में प्रीमियम फैशन को वैश्विक स्तर की पेशकश और भारतीय सुझबूझ के साथ कैसे भारतीय बाजार में अपनी अमिट छवि बरकरार रखी जा सकती है।

### व्यापार से ऊपर रिश्तों को मानती है कम्पनी

केबीएस इण्टरनेशनल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं 'एब्सोल्यूटो' ब्राण्ड के संस्थापक श्री कमल सेकसरिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल व्यापार करना नहीं, बल्कि अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ गहरे और दीर्घकालिक संबंध कायम रखना है। 'एब्सोल्यूटो' और 'एलिट' के माध्यम से हम भारतीय बाजार में इण्टरनेशनल लेवल की फैब्रिक क्वालिटी को अफोर्डेबल कीमतों पर उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कम्पनी की प्राथमिकता ऐसी रेंज उपलब्ध कराना है जो न केवल ट्रेंडिंग हो, बल्कि भारतीय ग्राहकों की विविध जरूरतों को भी पूरा करे। कम्पनी के डायरेक्टर श्री हर्ष सेकसरिया ने कहा कि बाजार में 'एब्सोल्यूटो' ब्राण्ड की पहचान 'फैशन लीडर' के रूप में है, क्योंकि हम इण्टरनेशनल ट्रेंडर्स पर पैनी निगाह रखते हुए हमारे डवलपमेण्ट्स में भी उचित ट्रेंडर्स को शामिल करते हैं। फुकेत के बाद यह उदयपुर कॉन्फ्रेंस हमारे ब्राण्ड नेटवर्क को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसमें रिटेल और होलसेल व्यापारियों से मिला अच्छा रिस्पॉन्स हमारे लिए उत्साहवर्धक रहा।

### 'ट्रेंडर्स एवं इनोवेशन' का बेजोड़ प्रदर्शन

कॉन्फ्रेंस में 'नया फैशन और नई सोच' थीम के तहत 'एब्सोल्यूटो' और 'एलिट' की नई रेंज का शानदार प्रदर्शन किया गया। 'एब्सोल्यूटो' ने ट्रेंडिंग डिजाइनों में पोली स्पैन्डेक्स, पोली डिजाइन फैब्रिक्स, एडवांस निटिंग व ब्राण्डेड निटिंग रेंज, लचका सूटिंग, शर्टिंग, ट्वीड और एथनिक कलेक्शन पेश किए। इसके अतिरिक्त इम्पोर्टेड टीआर फैब्रिक्स की नई आकर्षक रेंज भी प्रदर्शित की गई, जो खासतौर पर पार्टी वियर, वेडिंग वियर, फॉर्मल और कैजुअल वियर के लिए उपयुक्त है। दूसरी ओर, 'एलिट' ब्राण्ड ने प्रीमियम पोलीवूल और वूलन ब्लेंड सूटिंग्स की रेंज में ऐसे डिजाइन प्रस्तुत किए, जिनमें फैशन ट्रेंड्स और पहनने में आराम दोनों का बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। एक ही छत के नीचे विस्तृत फैब्रिक ऑप्शंस के साथ सम्मेलन में भाग लेने वालों को एक विस्तृत वर्सेटाइल कलेक्शन मिला।

### 'एब्सोल्यूटो' एवं 'एलिट' के कैटलॉग आये पसंद

'एब्सोल्यूटो' द्वारा फुकेत दो नई कैटलॉग लॉन्च किये गये, जिन्हें उदयपुर में व्यापारियों के समक्ष अवलोकन हेतु प्रदर्शित किया। दोनों कैटलॉग्स में लेटेस्ट डिजाइनों का शानदार कलेक्शन प्रस्तुत किया गया, जिन्हें व्यापारियों ने खूब पसंद किया। साथ ही साथ 'एलिट' ब्राण्ड का कैटलॉग देखकर व्यापारी बेहद उत्साहित हुए और अच्छी बुकिंग करायी।

### एब्सोल्यूटो का विशेष स्थान

उदयपुर सेल्स कॉन्फ्रेंस ने 'एब्सोल्यूटो' और 'एलिट' के नेटवर्क को और सशक्त किया है। साथ ही व्यापारियों ने ब्राण्ड्स के प्रति अपनी उत्साही प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'एब्सोल्यूटो' का हमारे दिलों में विशेष स्थान है। इससे जुड़ना हमें अपनत्व का आभास दिलाता है। यह उदयपुर कॉन्फ्रेंस भी उसी अपनत्व का विस्तार करने वाली साबित हुई।










For Trade Enqiry- Miss Monika Nuwal +91 99500 44632


ÀBSOLŪTO™
FINER SIDE OF FASHION
An
Experience
Remembered.
Check out our
latest collection
TWILL STORY
PECHAAN 5
ÀBSOLŪTO
ELITE
ÀLACARTE
ORIGIN OF LUXURY
Trade Enquiries: +91 98299 66363
Visit us at: www.worldofabsoluto.com
Follow us on: Absoluto Finer Side Of Fashion absolutoofficial

## सम्पादकीय....

# प्रकृति की एक और गंभीर चेतावनी

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी में आई आपदा प्रकृति की एक और गंभीर चेतावनी है। यह बताती है कि पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन साधने की कितनी जरूरत है। देश के पहाड़ी राज्यों, खासकर उत्तराखंड को लेकर ऐसी नीति चाहिए, जिससे पहाड़ और इंसानों के बीच संतुलन बना रहें। उत्तरकाशी के धराली गांव में खीरगंगा नदी के ऊपरी क्षेत्र में बादल फटा और फ्लैश फ्लड ने रास्ते में आने वाली हर चीज को अपनी चपेट में ले लिया। प्रभावित इलाकों से आ रहे विडियो दिल दहलाने वाले हैं। अभी चारधाम यात्रा का सीजन चल रहा है और यह गाँव गंगोत्री वाले रास्ते पर पड़ता है। श्रद्धालुओं के रूकने का यह एक अहम पड़ाव है। ऐसे में जानमाल की बड़े पैमाने पर हानि की आशंका है।

हाल के बरसों में उत्तराखंड इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के केंद्र में रहा है। सन् 2021 में चमोली जनपद में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के पास एक ग्लेशियर टूटकर गिर गया था। इसकी वजह से धौलीगंगा नदी में अचानक बाढ़ आ गई और तपोवन विष्णुगाड पनबिजली परियोजना में काम करने वाले कई श्रमिकों को जान गंवानी पड़ी। इसी तरह वर्ष 2023 की शुरूआत में एक और धार्मिक पर्यटन स्थल जोशीमठ में भूस्खलन ने एक बड़ी आबादी को विस्थापित कर दिया। वर्ष 2013 में केदार घाटी में मची भयानक तबाही से लेकर अभी तक छोटी-बड़ी ऐसी कई प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी हैं। सवाल यह उठता है कि पहाड़ से छेड़छाड़ कब रूकेगी? आरोप है कि उत्तराखंड में चल रहे बेशुमार पावर प्रॉजेक्ट्स ने पहाड़ों को खोखला कर दिया है। इसमें बढ़ती आबादी, लाखों पर्यटकों के बोझ, अनियंत्रित निर्माण और घटती हरियाली को मिला दीजिए, तो स्थिति विस्फोटक बन जाती है।

बादल फटना प्राकृतिक घटना है, जिस पर इंसानों का जोर नहीं, लेकिन यह भी तथ्य है कि पानी निकलने के रास्तों, नालों-गदेरों के मुहानों पर कंक्रीट के बड़े-बड़े स्ट्रक्चर खड़े हो चुके हैं। तमाम जगहों पर, जिन रास्तों से पानी को बहना था, वहाँ इंसान बस चुका है। यह जानबूझकर आफत बुलाने जैसा है। उत्तराखंड को लेकर यह बहस करीब पाँच दशक पुरानी है कि विकास किस कीमत पर होना चाहिए। साल 1976 में गढ़वाल के तत्कालीन कमिश्नर एमसी मिश्रा की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी ने जोशीमठ को बचाने के लिए फौरन कुछ कदम उठाने की सिफारिश की थी- इनमें संवेदनशील जोन में नए निर्माण पर रोक और हरियाली बढ़ाना प्रमुख था।

## कपड़ा व्यापारियों ने मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

**बरेली/ राजीव अरोड़ा...** कटरा मानराय के होलसेल व्यापारियों ने बड़ी धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाई। सुबह पंडित जी द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद भजन संध्या हुई, जिसमें श्री कृष्ण भक्ति के ओज पूर्ण भजन गाए गए और सभी भक्त जन कृष्णमय वातावरण में डूब गए। मुख्य रूप से वस्त्र बाजार के व्यापारी श्री अनिल सूरी, श्री राजीव गुप्ता, श्री राजीव अरोड़ा आदि कई व्यापारियों ने भजनों का आनन्द उठाया और फिर प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें सहयोग श्री राहुल अग्रवाल, श्री नरेश जड़ियाल आदि ने किया। अगले दिन होटल ओबेरॉय आनंद में राधे कृष्ण फैब्रिक्स आर्य समाज गली, बरेली में सियाराम, सीताराम, Gee Cee कॉन्फ्रेंस के बारे में फर्म के ऑनर श्री अजय खनिजों ने व्यापारीभाइयों को आमंत्रित किया है।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# अनीति से कमाया धन आपको कभी भी स्थायी सुख नहीं दे सकता



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्ते मित्रों,

हम सब जानते हैं कि वक्त का पहिया कभी स्थिर नहीं रहता। जब यह घूमता है, तो बड़े से बड़े व्यक्ति को भी अपनी चपेट में ले लेता है। दोस्तों, यह कहानी सिर्फ किसी राजनेता की नहीं है, बल्कि सरकारी अधिकारी हो या पुलिसकर्मी अथवा कोई डॉक्टर हो या वकील, अगर कोई व्यक्ति धन प्राप्ति के लिए अनीति और अधर्म के रास्ते को चुनता है, तो उसका अंत भी दुर्भाग्यपूर्ण ही होता है। अन्याय और अनीति से अर्जित किया गया धन आपको कभी भी स्थायी सुख नहीं दे सकता। सत्ता का दुरूपयोग, भ्रष्टाचार, ठगी और धोखाधड़ी जैसे अनैतिक रास्तों से कमाया गया धन कुछ समय के लिए आपको सुख और वैभव का आभास जरूर करा सकता है, लेकिन जब पापों से भरा घड़ा फूटता है, तब इंसान को अपने किए कुकर्मों की सजा भुगतनी ही पड़ती है।

याद रखिए, जो माता-पिता अपने संतानों की परवरिश अनीति से अर्जित धन के सहारे करते हैं, वे अनजाने में उनके जीवन में दुर्गुणों और नैतिक पतन का बीज बो देते हैं। यह आगे चलकर एक दिन विराट संकट का रूप ले सकता है। इसलिए यदि आप अपने बच्चों को मेहनत और ईमानदारी से कमाई हुई रोटी खिलाएँगे, तो वे बचपन से ही संस्कारी बनेंगे। आगे चलकर वे न केवल समाज में आपका और आपके परिवार का नाम रोशन करेंगे, बल्कि देश के जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे।

कोर्ट में झूठी गवाही देकर, झूठे वादे करके गरीबों से पैसे लूटकर, नौकरी दिलाने के बहाने लोगों से धन वसूलकर, मेहनत से कमाई गई संपत्ति को छल और प्रपंच से किसी से चुराकर, सरकारी कामों के बदले रिश्वत लेकर या कमीशन के लालच में मरीजों को महंगी दवाइयाँ लिखकर जो धन कमाया जाता है, वह अधिक समय तक सुख नहीं देता। ऐसे लोग चाहे जितना भी धन कमा लें, लेकिन उन्हें कभी मानसिक शांति और आत्मिक संतोष की प्राप्ति नहीं हो पाती। अंततः यह धन उनके जीवन और परिवार में अशांति और कलह ही लेकर आता है।

ऐसा नहीं है कि केवल आज के समय में ही अनीति के माध्यम से धन कमाया जा रहा है। प्राचीन काल में भी लोग अनैतिक तरीकों से धन कमाने का रास्ता अपनाते थे। इस संदर्भ में आचार्य चाणक्य कहते हैं 'अन्यायोपार्जितं द्रव्यं दश वर्षाणि तिष्ठति, प्राप्ते एकादशे वर्षे समूलं च विनश्यति।' अर्थात् अन्याय से कमाया हुआ धन किसी व्यक्ति के पास ज्यादा से ज्यादा दस वर्षों तक ही टिक सकता है और ग्यारहवें वर्ष से वह मूल और ब्याज सहित नष्ट होना शुरू हो जाता है। अन्यायपूर्वक या गलत तरीकों से कमाए गए धन की विशेषता यह होती है कि जब वह जाता है, तो अपने साथ नीति और ईमानदारी से कमाया गया धन भी साथ ले जाता है।

अतः यदि आप चाहते हैं कि धन आपके पास लंबे समय तक टिका रहे और आने वाली पीढ़ियों के भी काम आए, तो यह अत्यंत आवश्यक है कि आप उसे सही रास्ते पर चलकर ईमानदारी और अपनी मेहनत के बल पर अर्जित करें। धन कमाने के लिए यदि आप सत्य की राह पर चलेंगे, तो माँ लक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहेगी। वहीं यदि आप अधिक पैसा कमाने के चक्कर में गलत रास्ता चुनेंगे, तो ऐसा धन आपको कभी भी स्थायी सुख नहीं दे सकता। ईमानदारी की कमाई भले ही आपको मखमल का बिस्तर न दे, परंतु वह चैन की नींद जरूर देती है। ईमानदारी से कमाया गया थोड़ा-सा धन, बेईमानी से कमाए गए करोड़ों रूपयों से कहीं गुना अधिक संतोष देता है।

इसी के साथ, आज की बात को यहीं अल्पविराम देता हूँ। फिर मिलेंगे एक नए विषय के साथ। तब तक के लिए अलविदा।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

## अमेरिकी टैरिफ के चलते कारोबारी गतिविधियाँ कमजोर

# फैंसी शर्टिंग और यार्न डाईड की हल्की डिमाण्ड

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय...**कपड़ा बाजार में अगस्त महीने में कारोबारी गतिविधियां सुधरने की आशाओं पर अमेरिकी टैरिफ ने पानी फेर दिया है। त्योहारों के लिए ग्राहकी की सुगबुगाहट शुरू हुई थी और रूख सकारात्मक होने लगा था कि ट्रम्प के भारी भरकम टैरिफ की घोषणा के बाद टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग निर्यात घटने की अटकलों से स्थानीय बाजारों में फिनिश कपड़ों पर बिकवाली का दबाव रहने का अनुमान है। टेक्सटाइल उद्योग में सन्नाटा पसरा हुआ है। यद्यपि भारत की कुल जीडीपी में अमेरिकी आयात का हिस्सा दो प्रतिशत से भी कम है, लेकिन टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग निर्यात के लिए अमेरिका निश्चित रूप से एक बड़ा बाजार है। स्थानीय बाजारों में कपड़ों में ग्राहकी सुधरने की आशा धूमिल हो गई है। जिस तरह से गारमेण्ट के निर्यात में एक तरफा वृद्धि हो रही थी और कपड़ा कारोबारियों को लग रहा था कि बाजारों में त्योहारों की ग्राहकी निकलने पर मंदी दूर हो जाएगी, परंतु अब निर्यात को ही ब्रेक लगने की नौबत आ गई है। विभिन्न प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत पर अधिक टैरिफ लगाने से निर्यात विशेषकर टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग को भारी झटका लग सकता है। इसका सबसे अधिक बुरा असर एमएसएमई सेक्टर को होने की संभावना व्यक्त की गई है। पहले निर्यात कमाई टेक्स फ्री थी, लेकिन अब निर्यातक फिर से टेक्स फ्री करने की मांग करने लगे हैं। 25 प्रतिशत टैरिफ की दर लागू हो चुकी है और अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ 27 अगस्त से लागू होने की बात कही गई है। इस बीच एक अमेरिकी प्रतिनिधि भारत आ रहा है, बातचीत में कोई निर्णय होता है कि नहीं यह विचारणीय प्रश्न है, परंतु इस टैरिफ का तात्कालिक असर यह होगा कि भारत का माल अमेरिका में महंगा हो जाएगा। भारतीय निर्यातकों की भाव करने की प्रतिस्पर्धा घट जाएगी। अमेरिका से निर्यात ऑर्डर घट सकता है। निर्यात उत्पादों में लगी छोटी इकाइयों के ऑर्डर कम एवं नकदी का दबाव रहेगा। महाराष्ट्र, गुजरात, लुधियाना और तिरूपुर जैसे निर्यात केंद्रो के लिए गंभीर संकट पैदा होने की आशंका है।

**टेक्सटाइल निर्यात व गारमेण्ट** - यूके के साथ व्यापार करार होने से निर्यातकों को कुछ सहारा मिला है, परंतु यूके का बाजार अमेरिका जैसा नही है। अमेरिकी बाजार बड़ा है और इसमें निर्यात के लिए अच्छी संभावनाएं थी, जो अब टैरिफ की भेंट चढ़ने के कगार पर है। यूके में भारत के निर्यातकों को अब शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा। टेक्निकल टेक्सटाइल का निर्यात यूके में बढ़ने की संभावना है। इसमें भारत के लिए नये अवसर खुल गए है। भारत इस क्षेत्र में चीन से आगे निकल सकता है। अभी यूके सात अरब डॉलर का टेक्निकल टेक्सटाइल का आयात करता है। इसमें भारत का हिस्सा 24 करोड़ रू है, जो वर्ष 2030 तक बढ़कर एक अरब डॉलर होने की संभावना है। दूसरी ओर देश में इस बार बारिश अच्छी होने से दीपावली के समय ग्रामीण क्षेत्रों में कपड़ों में ग्राहकी अच्छी रहने की संभावना है। हालांकि हाजिर में मांग कमजोर है, परंतु गारमेण्ट कपड़ों में हलचल बढ़ी है। कॉटन यार्न की मजबूती और ग्रे सूती कपड़ों का उत्पादन कम होने से भिवंडी में भाव बढ़ा है, लेकिन बढ़े भाव पर लेवाली में दम नहीं है। साउथ में ऑटोलूम ग्रे कपड़ों के भाव स्थिर है। नीटेड कपड़ों का आयात घटने से देशी नीटेड कपड़ा मैन्युफेक्चरर्स का कामकाज फिर से पटरी पर लौट आया है। फैशनेबल, फैंसी शर्टिंग व यार्न डाईड की हल्की मांग रही है। कपड़ों में कारोबार पटरी पर लौटने में अभी कुछ समय लग सकता है। कारण कि इन दिनों स्थानीय स्तर पर ग्राहकी एवं कारोबार का माहौल अच्छा नहीं है।

देश के कई राज्यों में बाढ़ तथा बादल फटने की घटनाओं के कारण नुकसान हुआ, साथ ही निर्यात में किसी प्रकार की तेजी आने की उम्मीद कम लग रही है। ऐसी परिस्थितियों में कपड़ा उत्पादकों एवं निर्यातकों को अपने उत्पादों का दाम कम करने और माल की गुणवत्ता दमदार रखकर ही इस संकट से बाहर निकला जा सकता है। केंद्र सरकार दीपावली तक जीएसटी की दरें कम कर सकती है। भिवंडी में ग्रे सूती कपड़ों में कारोबार घट गया है। कॉटन यार्न सुधरने के बाद भी न तो कपड़ों का उत्पादन बढ़ सका और न ही जो कपड़ा तैयार है उसमें कोई अच्छी ग्राहकी निकली हो। वीवर्स से लेकर प्रोसेस हाउसों में कामकाज अपेक्षित धारणा से कम होने के कारण टेक्सटाइल की पूरी चेन रूको एवं इंतजार करने के मूड में लग रही है। व्यापारी बहुत अधिक स्टॉक नहीं रखना चाहते है और छिटपुट वैरायटी में कम खरीदी कर रहे हैं, ताकि उस वैरायटी में स्टॉक भरा जा सके। बाजार जल्द करवट बदल सकता है, बशर्ते स्थानीय स्तर पर कपड़ों में त्योहारी ग्राहकी निकलनी शुरू हो जाए।

# नये कीर्तिमान स्थापित कर आगे बढ़ रहा देश

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**



स्वतंत्रता दिवस पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल नगर इकाई मुजफ्फरनगर द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन पंजाबी मार्केट में किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल एवं संचालन महामंत्री श्री प्रवीण खेड़ा ने किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक कंसल ने कहा कि भारत माता के सैंकड़ों वीर सपूतों की कुर्बानी के बाद हमें 78 साल पहले आजादी मिली। आजादी के बाद देश में जबरदस्त विकास हुआ और प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के मामलों में अत्यन्त मजबूत स्थिति में आ गया है। नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल ने कहा कि देश के हाइवे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहद आगे हैं, यहीं स्थिति रेलवे, हवाई यातायात की है। साथ ही हर दिन नया कीर्तिमान स्थापित हो रहा है और आत्मनिर्भरता की ओर देश बढ़ रहा है। जिला महामंत्री श्री श्याम सिंह सैनी और नगर महामंत्री श्री प्रवीण खेड़ा, श्री अशोक छाबड़ा ने कहा कि देश के बंटवारे के समय जो विभीषिका हमारे बड़ों ने झेली वो अवर्णनीय है।

बैठक के पश्चात् घर-घर तिरंगा अभियान के तहत फायर ब्रिगेड से लेकर हनुमान मंदिर तक शाह जी मार्केट, पंजाबी मार्केट, शकुन्तला मार्केट, नारजित मार्केट, मोला हेड़ी मार्केट, लाल सिंह मार्केट में दुकानों पर जाकर तिरंगा झंडा लगवाया गया। कार्यक्रम में सर्वश्री अशोक कंसल, श्यामसिंह सैनी, अजय कुमार सिंघल, प्रवीण खेड़ा, सुलखान सिंह नामधारी, अमित मित्तल, पंकज अपवेजा, अनिल तायल, अनीशा भटनागर, दिनेश बंसल, अभिजीत सिंह गम्भीर, कुणाल अरोरा, रामपाल सेन, दिनेश गिरी, अशोक छाबड़ा , विकास अग्रवाल आदि शामिल रहें। वहीं बीच-बीच में भारत माता की जयघोष से आकाश गुंजायमान होता रहा। अभी लगातार बरसात के कारण बाजारों में कामकाज मध्यम स्तर पर ही बने हुए हैं और अगस्त माह छुटपुट बिक्री में ही निकलने की संभावना है।

# सितंबर 2025 में वस्त्र उद्योग व ज्योतिष -डॉ. कुन्दन ज्योतिषी

**मुम्बई**



सितंबर माह में शनि देव वक्री गति से पूरे माह मीन राशि में रहेंगे तथा राहु कुंभ व केतु सिंह राशि में रहेगा। व्यापार का कारक ग्रह बुध महीने के पूर्वार्द्ध में सिंह राशि व उत्तरार्द्ध में कन्या राशि में रहेगा। साथ ही धन कारक शुक्र महीने के पूर्वार्द्ध में कर्क राशि व उत्तरार्द्ध में सिंह राशि में रहेगा।

माह के आरंभ में मौसम के उतार-चढ़ाव से कृषि प्रधान खाद्यान्न चीजों में तेजी रहेगी, किंतु वस्त्र उद्योग से संबंधित चीजों में मंदी रहेगी। दूसरे सप्ताह खाद्यान्नों में मंदी आएगी तथा सोना, चांदी, तांबा, लोहा आदि धातुओं में विशेष तेजी रहेगी। माह के तीसरे सप्ताह में खाद्य पदार्थो, दलहन, तिलहन में सामान्य तेजी देखने को मिलेगी व मसालों में मंदी रहेगी। धातु से संबंधित चीजों में तेजी रहेगी तथा रूई, रेशम, सूत, वस्त्रों से संबंधित चीजों में मंदी बनी रहेगी। महीने के अंतिम सप्ताह में एक बार फिर से खाद्य पदार्थों व मसालों में मंदी आएगी, किंतु तिलहन व धातु की चीजों में तेजी बनी रहेगी। मास के उत्तरार्द्ध में बुध व शुक्र का व्यापार जगत में परिवर्तन कारक होगा।

## अमेरिकी टैरिफ से निपटने....

पेज 1 का शेषांश

उन्होंने 5 एफ यानि फर्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन के मंत्र पर जोर देते हुए उद्यमियों के निर्यात के लिए नए बाजार तलाश करने पर बल दिया। श्री सिंह ने कहा कि हालांकि अमेरिका को भारतीय टेक्सटाइल व गारमेण्ट के कुल निर्यात का लगभग 28.97 प्रतिशत भाग निर्यात किया जाता है, जो देश के कुल टेक्सटाइल व गारमेण्ट उद्योग का केवल 6 प्रतिशत भाग ही है। श्री सिंह ने उद्यमियों से निर्यात क्षेत्र में विविधता लाने, उत्पाद प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और नए बाजार तलाश करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हाल ही भारत में सहयोगी देशों के साथ 15 मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और देश के टेक्सटाइल और गारमेण्ट का कुल आयात लगभग 198.9 बिलियन डॉलर है। उन्होंने निर्यातकों से यूरोपीय संघ के बाजारों में निर्यात की संभावनाएं तलाशने पर जोर देते हुए कहा कि यूरोपीय संघ का टेक्सटाइल और गारमेण्ट आयात अमेरिका की तुलना में लगभग डबल है। उनके अनुसार यूरोपीय संघ का टेक्सटाइल और गारमेण्ट का कुल आयात 268.8 बिलियन डॉलर है जो अमेरिका के आयात की तुलना में दुगने से अधिक है। श्री सिंह ने बताया कि भारत यूरोपीय संघ के साथ एफटीए वार्ता में सक्रिय है और वर्तमान वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति भारत को आत्मनिर्भरता प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रही है। साथ ही अपनी निहित शक्ति यों, उद्योग-सरकार के बीच मजबूत सहयोग और नवाचार पर निरंतर ध्यान के साथ भारत का टेक्सटाइल सेक्टर वैश्विक बाजार में निरंतर विकास के लिए वर्तमान चुनौतियों के समाधान निकालने और आगे बढ़ने की अच्छी स्थिति में है। कपड़ा मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार बढ़ी टैरिफ दरों के प्रभाव को अच्छे ढंग से कम करने और व्यापार के हितों की रक्षा करने के साथ ही अनुकूल नीतियों को बनाने और उन्हें कार्यान्वित के लिए सरकार उद्योग निकायों के साथ निरंतर सहयोग करने के लिए वचनबद्ध है।

**टैरिफ युद्ध-** उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में शपथ लेने के साथ ही टैरिफ लगाने की बात करनी आरंभ कर दी थी। आरंभ में भारत के प्रति नरम रूख दिखाते हुए ट्रम्प ने टैरिफ की दरों को अन्य देशों की तुलना में कम रखा था, लेकिन बाद में भारी वृद्धि की घोषणा कर दी है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजार अमेरिकी कृषि जिंसों और डेयरी उत्पादों के लिए खोल दे, लेकिन यह देश के किसानों के लिए हानिकारक होगा। हालांकि अमेरिका और भारत के बीच फिलहाल व्यापार वार्ता चल रही है, लेकिन ट्रम्प ने दबाव बनाने के लिए टैरिफ ऊँची दर पर लगाने की घोषणा कर दी है। उल्लेखनीय है कि अपने पहले कार्यकाल ने भी ट्रम्प ने इसी प्रकार का टैरिफ युद्ध आरंभ किया था, लेकिन उस समय यह केवल चीन तक ही सीमित था, जो अब लगभग सभी देशों पर टैरिफ लगा दिया है।

**टेक्सटाइल निर्यात पर असर-** इसी बीच क्रिसिल नामक एक रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर भारी टैरिफ लगाने से भारत से होम टेक्सटाइल, कॉर्पेट, रेडीमेड गारमेण्ट आदि का निर्यात प्रभावित होगा। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार भारत से बड़ी मात्रा में अमेरिका का होम टेक्सटाइल, कॉर्पेट, रेडीमेड गारमेण्ट आदि का निर्यात किया जाता है।

## यार्न की मांग में...

पेज 30 का शेषांश

यार्न का अधिक स्टॉक मिलों में नही है तथा मिलों को यार्न की मांग बढ़ने का इंतजार है, ताकि उनकी परिचालन मार्जिन सुधर सके, लेकिन जब से अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ लगाया है। उसके बाद देश से अमेरिका के बाजारों में निर्यात किए जा रहे टेक्सटाइल विशेषकर होम टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेण्ट का निर्यात करीब 10 से 15 प्रतिशत घटने की आशंका से वीविंग उद्योग में ऑर्डर कम होने का असर यार्न की मांग पर पड़ सकता है। वीविंग उद्योग में निर्यात ऑर्डर कम होने पर इसका बोझ स्थानीय बाजारों पर हो सकता है। टैरिफ बढ़ने से कपड़ा उद्योग का बाजार समीकरण ही बदल गया है। टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग का निर्यात घटने से कपड़ा बाजार में बिकवाली का भारी दबाव बनेगा। स्थानीय स्तर पर कपड़ों की मांग दमदार नही होने से वीविंग इकाइयों में कपड़ों का उत्पादन पहले से ही कम क्षमता पर हो रहा है, जबकि निर्यात में लगी इकाइयों के पास भरपूर ऑर्डर होने से कामकाज अच्छा रहा था। अब इन इकाइयों में कामकाज कम होने की आशंका से स्पिनिंग इकाइयों को नये संकट का सामना करना पड़ सकता है। हाजिर बाजारों में यार्न की सभी किस्मों की मांग शिथिल हो सकती है।

# PRITHVI TEXTILES Two Day Retail Booking Conference Was A Blockbuster





Secunderabad/ A two-day retail booking conference was successfully organized on 16th and 17th August 2025 under the aegis of 'Prithvi Textile / Payal Saree', a well-known firm in local wholesale textile supply. Giving information about the program, the manager of the firm, Mr. Saurabh Lunia, said that the event was inaugurated on 16th August by lighting a lamp. During this, many dignitaries and businessmen were present. The conference was held at Hotel Greenpark Residency, Hyderabad Ameerpeth.

Mr. Lunia said that in view of the upcoming Dussehra and Diwali festive season, our firm invited many traders to this event for retail booking. During this, a large number of traders were present and made great bookings. It is worth mentioning that during the display conference, a grand display of products of various renowned brands was done, in which ranges of ARVIND PREPRESS, ARVIND TRESCA, Arvind Linen, TESSUTI, Linea Lusso, Lavache, CAVALERO, Tessitura Monti, Italian Chanel, Grasim and SGS companies were displayed. Many personalities from the textile trade participated in this two-day event, which mainly included: Attendees "MLA Suryanarayanji Owner of Kisan Nizamabad "S Rajamouli Managing Director of RS Brothers"Subahmasthu Shopping Mall Group" The Chennai Silks "Chimanlal Suresh Kumar Hyderabad Chandana Brothers Group".

During the conference, graceful presence of Mr. Prakash Chand Luniya, Ashok Chand Luniya, Subhash Chand Luniya, Vinod Chand Luniya, Mahender Luniya, Kishore Luniya, Gaurav Luniya, Sourabh Luniya, Saahil Luniya from the firm's management team graced the event. During the conclusion of the conference, the Lunia family thanked all the businessmen and guests.

**Prithvi Textiles | Payal Saree Centre | Pankaj Textiles**
**Luniya INC - The Thread by Saahil Luniya**












# विपरीत परिस्थितियों को अपने पक्ष में करना

## जी हाँ, आज का टॉपिक - ‘अपने मरे ही स्वर्ग मिलता है।’



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट
सम्पर्क-74258 13125

दोस्तों, जब हमें पैसे की जरूरत होती है, तब सबसे पहले हमें अपने बैंक के पैसों का ध्यान आता है, यहीं हमारे किसी भी बात पर प्रतिक्रिया देते समय होती है। इसे हम अपने अनुभवों के बेस पर इकट्ठा करते हैं-

**CASE 1 :** अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ की घोषणा की और कुछ बुद्धिजीवी लोगों ने पहले से ही एक खराब समय को बताना चालू कर दिया। बुरे समय की भविष्यवाणी को कहीं तो एक मछली का तट पर दिखने से जोड़ा गया।

**CASE 2 :** भारत-इंग्लैंड क्रिकेट सीरीज में चौथे टेस्ट में जब शुरूआती खिलाड़ी जल्दी आउट हो गए, तब एक्सपर्ट्स ने भारतीय हार का भविष्य दिखाना शुरू कर दिया। मगर पुछल्लें खिलाड़ी रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने सब अटकलों को धराशायी कर मैच ड्रा करा दिया।

**CASE 3 :** अहमदाबाद प्लेन क्रेश में 11 ए में व्यक्ति का बच जाना, उस परिस्थिति में किसी चमत्कार से कम नही था। पहले 11 ए को अनलकी मान लोग इससे बचते थे, मगर अब लोगों की सोच में बदलाव आया और बुकिंग में 11 ए को प्रमुखता दे रहे हैं। एक बात साफ जाहिर है कि जो उपरोक्त बिंदुओं से बात निकल करके आई है, वह है आदमी में डर। आज ज्यादातर मार्केटिंग में भी डर को मुद्दा बनाया जाता है। इनमें बीमारी का डर, आर्थिक नुकसान का डर, समाज में स्वीकार्यता का डर इत्यादि डर को दिखाकर चीजें विज्ञापनों द्वारा बेची जा रही है।

**हम डरते क्यों हैं -** किसी ने डर के बारे में अपने वास्तविक अनुभव को बताया है। चीन को अमेरिका द्वारा डेडलाइन खत्म होने के बाद छूट मिलना दर्शाता है कि क्या वह चीन से जरूरी मिनरल की आपूर्ति से बचने के लिए कुछ टाइम ले रहा है।

**भगवान कृष्ण द्वारा गीता में अर्जुन को फल की बजाए, कर्म करने का उपदेश दिया। जी हाँ, कर्म। डर के असली कारण को ढूंढे और फिर अपना 100 प्रतिशत दे। आज जो भी स्थिति हमारे आसपास हो रही है, इसको हमें निम्न बातों से समझने की जरूरत है -**

- पहली श्रेणी में वे लोग है, जो उन वस्तुओं को बनाते है और उन वस्तुओं को वस्तु सर्विस देते हैं जो दूसरे लोगों के पास नही हैं।

- दूसरे वे लोग जो उन सर्विसेज और वस्तुओं को खरीदकर उपयोग करते हैं।

- तीसरे वे लोग आते है, जो उन वस्तुओं के बिना रह सकते है, लेकिन उनको उन वस्तुओं को खरीदने के लिए समाज में सोच को परिवर्तन करके उपभोक्ता बनाया जाता है।

आज इंटरनेट का युग है और हर क्षेत्र में अपने विपक्षी देश या संस्थान अपने प्रॉडक्ट को मार्केट में पहुँचाने का भरपूर प्रयास करते हैं। अतः मैं कुछ विज्ञापनों की याद दिलाता हूँ, जो मेरे मन में कुछ सवाल पैदा करते हैं। जैसे - क्या चॉकलेट के बिना दोस्ती नहीं होती, क्या विशिष्ट ब्राण्ड का परफ्यूम ही दोस्ती करवाता है, क्या घर पर विशिष्ट पेंट से ही लोग इज्जत करते है। अगर आपका जवाब एक के लिए भी हाँ है तो आपको इस टॉपिक को पढ़ने की जरूरत है।

भारत आज एक सदृढ़, सशक्त राष्ट्र है, जहाँ की सरकार और लोग नेगेटिव आख्यान को पूरा नही होने देंगे। भविष्य में सुधार के लिए वर्तमान को बदलना होगा। अगर हमें टैरिफ से अपने बिजनेस को खोने या कम प्रॉफिट का अंदेशा है, तब अपने प्रॉडक्ट में सुधार करके सेवा को बेहतर बनाएं एवं नए मार्केट में कदम बढ़ाए। अतः अपने मित्र राष्ट्र फ्रांस, ब्रिटेन इत्यादि का समर्थन के साथ आगे बढ़े, जिससे ग्राहक आपके पास महंगा प्रॉडक्ट होने के बावजूद भी खरीदने की सोचें। हमें अपने देश की बनी चीजों का प्रयोग कर स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन की जरूरत है। मेरा मानना है कि यह स्थिति ज्यादा दिन के लिए नही है। अमेरिका का एक बड़ा वर्ग भी भारत के पक्ष में खड़ा है। इसलिए भारत सरकार आगे आकर उद्योगों की गुणवत्ता में सुधार कर मदद करें, जिससे वह बेहतर सेवा दे पाए। इसके अलावा अपने प्रतिद्वंद्वी देशों से प्रतिस्पर्धा के लिए अतिरिक्त टैरिफ को स्वस्ध्य और छोटे उद्योगों के साथ कुछ हिस्सा शेयर करें।

## **Rahul Mehta, Chief Mentor of the Clothing Manufacturers Association of India (CMAI),** shared his views on the proposed GST reforms

"Based on media reports, we understand that the objective of the GST reforms is to reduce the number of slabs, thereby bringing ease in operating GST and making products for mass consumption cheaper by placing them in the lower slab. CMAI lauds both of these objectives as they are very good for the apparel industry.

The question lies in the execution and implementation of these reforms. For example, garments priced up to Rs. 1000 fall under the 5% slab, and those priced above Rs. 1000 fall under the 12% slab. If the 12% GST slab is eliminated, it means that a certain portion of apparel would move into the 18% slab, which would be disastrous. The only way the proposed GST reforms will be beneficial for the apparel industry is if the entire textile value chain is shifted under the 5% slab, which the apparel industry has been asking for since the day GST was introduced. This will make clothes cheaper and also eliminate the problem of the inverted duty structure. Therefore, I strongly recommend and urge the government to shift the entire textile value chain under the 5% slab.

What also needs to be considered when talking about 'ease of doing business' is ensuring that even the raw materials for all textile products are brought under the 5% GST slab. Otherwise, what happens is that there will be chemicals, certain inputs, and certain raw materials that fall under 18%, while the finished goods remain under 5%. That would worsen the inverted duty structure problem. So, the government must ensure that they do not repeat that mistake.

Another point of caution is the possible strategy of increasing the Rs. 1000 limit to a higher threshold, placing garments above that limit under the 18% slab. That would again be disastrous for the apparel industry, as it would encourage manufacturers to lower the quality of their products and reduce prices just to fall under the lower tax slab. The difference between the two slabs, which at the moment is 5% and 12%, would become 5% and 18%. This would encourage under-invoicing, unhealthy practices, and the grey market, as manufacturers might prefer to shift there rather than pay such a high rate of GST.

All in all, I would say these are very commendable objectives, and the reforms are very necessary and long overdue, but the government should not go wrong in the implementation of these reforms."

# अच्छी ग्राहकी निकलने की आशा

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

स्थानीय कपड़ा बाजार में अप्रैल मध्य से चला आ रहा सन्नाटा अभी जारी है। हालांकि कुछ सेक्टर में सीमित ग्राहकी को देखते हुए व्यापारियों को जल्दी ही बाजार चलने की उम्मीद है। जानकारों कहना है कि दिल्ली कपड़ा बाजार सन्नाटे के एक लम्बे दौर से गुजर रहा है और लगभग चार महीनों से कारोबार सिमटा हुआ है। व्यापारियों के अनुसार इस बीच ईद, रक्षाबंधन, तीज आदि त्योहार निकल गए, लेकिन ग्राहकी नजर नहीं आई। हालांकि विगत दिनों कुछ क्षेत्रों में सीमित ग्राहकी निकलने से व्यापारियों को आशा है कि आगामी महीनों में दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली व वैवाहिक सीजन को देखते हुए कारोबार में गति आने की आशा है, लेकिन कुछ व्यापारियों को आशंका है कि वैसी सीजनल मांग का आना मुश्किल लगता है।

**बदलता ट्रेंड-** व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से कपड़ा बाजार में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। जब वैवाहिक अवसरों पर कोट-पेंट यानि सूट का स्थान परम्परागत पहनावा यानि कुर्ता-पायजामा और जैकेट ले रहा है। इससे सूटिंग-शर्टिंग में कारोबार कम हुआ है, लेकिन कुर्ता-पायजामा के फैब्रिक की मांग बढ़ रही है। इससे सूटिंग में कारोबार कम होता जा रहा है। हालांकि विगत दिनों अनेक मिलों जैसे ग्राडो, रेमंड, डोनियर, दिग्जाम, सियाराम, रीड एंड टेलर ने अच्छी बुकिंग प्राप्त की है और इनके माल भी बाजार में आ रहे हैं, लेकिन थोक और खुदरा में अभी ग्राहकी नही निकली है।

जानकारों का कहना है कि थोक अथवा खुदरा व्यापारियों को कपड़ा बेचना कठिन नही है, लेकिन असली परेशानी तो खुदरा में बिक्री या उठाव नहीं होना है। एजेंट के अनुसार डीलर या थोक व्यापारी को तो अपने टार्गेट पूरे करने के लिए खरीद करनी ही पड़ती है, लेकिन अनेक बार आगे उठाव होता है। जानकारों का कहना है कि अब भी अनेक थोक व्यापारियों के पास भारी स्टॉक जमा है। लिनन आदि की मांग कमजोर है, जबकि जापानी सूटिंग की रेडीमेड सेक्टर से मांग आ रही है।

कॉटन सूटिंग की मांग कमजोर है। कॉम्बो पैकिंग में उठाव लगभग नगण्य है, क्योंकि वैवाहिक सीजन नहीं है। फिलहाल शर्टिंग में कोई खास मांग नहीं आ रही है, लेकिन आगामी दिनों में अच्छे उठाव की संभावना है, क्योंकि अब परम्परागत पहनावे का चलन बढ़ रहा है। जानकारों के अनुसार अनेक शर्टिंग निर्माताओं ने एथनिक पहनावे के लिए व्यापक रेंज आकर्षक रंगों में बाजार में दी है। वैवाहिक सीजन नहीं होने से लहंगा और चुनरी में कारोबार अत्यंत कमजोर है। व्यापारियों का कहना है कि अब परम्परागत लहंगा-चुनरी का कारोबार भी सिमटता जा रहा है और विवाह-शादियों या अन्य मांगलिक अवसरों पर वैस्टर्न ड्रेस का चलन बढ़ रहा है। कोई समय था जब चटख रंगों की मांग होती थी, लेकिन अब लाइट वेट-लाइट कलर का चलन है।

कॉटन आयटमों की सीमित मांग बनी हुई। जानकारों का कहना है कि आगामी दिनों में पोपलीन, पशमीना, स्पन आदि की मांग आने का अनुमान है। बुटिक आदि की लेडीज सूट के लिए मांग आ रही है, क्योंकि उन्होंने सेम्पलिंग आरंभ कर दी है और वे कुछ नया मांग रहे हैं। राहुल ट्रेडिंग कम्पनी ने विंटर सीजन के लिए लिनन की नई रेंज बाजार में दी है। भारी होने के साथ ही खादी लुक देती है और रॉ सिल्क की तरह लगती है। पश्मीना, विस्कोज, डोबी आदि की रेंज भी बाजार में दी है। नारायण ट्रेडिंग कम्पनी के अनुसार ग्लेज्ड कॉटन की अच्छी मांग बनी हुई है। आगामी दिनों में स्पन आदि की अच्छी मांग रहने का अनुमान है। उनका कहना है कि बाजार में रूबिया आदि की मांग लगभग समाप्त हो गई है और आमतौर पर लेडीज सूटों की मांग हमेशा रहती है, लेकिन इस समय उनका उठाव भी सिमट गया है।







Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98







# यार्न की मांग में शिथिलता का रूख

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय.....**हाजिर बाजार में यार्न की मांग कमजोर है और वीविंग इकाइयों में कपड़ों का उत्पादन लगभग 40 से 45 प्रतिशत की क्षमता पर होने एवं तैयार ग्रे माल का लेवाल कम होने का दंश वीवर्स झेल रहे हैं। पिछले कुछ समय से यार्न में ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। यद्यपि त्योहारों की शुरूआत हो गई है। कुछ सेंटरों में कपड़ों का कामकाज होने लगा है, परंतु यार्न को जैसे बूस्ट की जरूरत है, वैसे ही ग्राहकी न तो कपड़ों में है और न ही यार्न की किसी वैरायटी में है। विशेष किस्म के यार्न की मांग कुछ बढ़ी है, परंतु जब तक यार्न की बेसिक वैरायटी की मांग में तेजी नहीं आती है, तब तक यार्न बाजार के रूख में बदलाव की संभावना कम है। यार्न मिलों के पास कच्चे माल का स्टॉक भरपूर है। यार्न मिलों ने यार्न बनाने में कोई कटौती नही की है और रूई का भाव कम होने से यार्न की लागत अधिक नहीं बढ़ी है, लेकिन यार्न की मांग नही बढ़ने के कारण स्पिनिंग मिलों की परिचालन दर कमजोर है। **शेष पेज 10 पर**
















स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।

22 अगस्त से 6 सितम्बर, 2025
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate




# सुरेखा डिजाइंस की भव्य प्रस्तुति

## NARRI-4 इवेंट 24 अगस्त को दिल्ली में

**नई दिल्ली/ सत्य प्रकाश**

राजधानी दिल्ली एक बार फिर वूमन्स वियर के व्यापार जगत का केंद्र बनने जा रही है। दिल्ली के प्रतिष्ठित वूमन्स वियर होलसेलर 'सुरेखा डिजाइंस प्रा. लि.' द्वारा आयोजित NARRI-4 इवेंट आगामी 24 अगस्त 2025 को दिल्ली के फाइव स्टार होटल नोवाटेल में भव्य रूप से संपन्न होगा। इस आयोजन के संस्थापक श्री अरुण मित्तल एवं उनके सुपुत्र श्री रजत मित्तल तथा श्री शुभम मित्तल इसे संचालित कर रहे हैं। 'सुरेखा डिजाइंस' अब तक तीन सफल इवेंट्स का आयोजन कर चुका है और इस चौथे संस्करण से व्यापार जगत में और भी मजबूत छाप छोड़ने की तैयारी में है। इस आयोजन में 'सुरेखा डिजाइंस' से जुड़े क्षेत्रीय रिटेलर्स शिरकत करेंगे, तथा सूरत मण्डी के चुनिंदा फैशन ब्राण्ड्स द्वारा फैंसी साड़ियों एवं लहंगे का नवीनतम कलेक्शन प्रस्तुत किया जाएगा। इस प्लेटफॉर्म से रिटेलर्स अपने आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन की तैयारियाँ पूरी कर सकेंगे।

### हर साल मिलता है शानदार रिस्पॉन्स

'सुरेखा डिजाइंस प्रा. लि.' द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। रिटेलर्स की ओर से इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी होती है और हर साल बड़ी संख्या में बुकिंग्स दर्ज की जाती हैं। **इस वर्ष आयोजन के मुख्य स्पॉन्सर के रूप में फैंसी साड़ियों की प्रसिद्ध निर्माता कम्पनी 'कयान प्रिंट्स प्रा. लि.' जुड़ी हुई है।**

इवेंट को लेकर ऑनर श्री रजत मित्तल ने कहा, NARRI-4 रिटेल व्यापारियों के लिए आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन की तैयारी का उपयुक्त अवसर है। इस सीजन में हम वूमन्स फैशन की दुनिया के टॉप ब्राण्ड्स को एक ही छत के नीचे ला रहे हैं। दिल्ली में होने वाला यह आयोजन फैशन और व्यापार जगत के लिए न केवल नए अवसर लेकर आएगा, बल्कि आगामी त्योहारी और वैवाहिक सीजन को भी नई दिशा प्रदान करेगा।'




# SGS की 31 दिवसीय मेगा कॉन्फ्रेंस 2025 जबरदस्त उत्साह के साथ संपन्न



### भारत की तमाम मण्डियों के व्यापारियों ने कराई बुकिंग

**कुल्लू-मनाली/** हिमाचल प्रदेश की खुबसूरत वादियों में सबसे लम्बी कॉन्फ्रेंस के लिए ख्यातनाम एसजीएस की 31 दिवसीय कॉन्फ्रेंस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई। इस कॉन्फ्रेंस में भारत की तमाम मण्डियों से रिटेलर्स परिवार सहित ग्रुप में पहुँचे और हिमाचल प्रदेश की खुबसूरत रोहतांग पास, अटल टर्नल सहित अनेक स्थलों का भ्रमण कर आनंद लिया। भरोसे की परंपरा का निर्वाह करते हुए एसजीएस ने हमेशा अपने व्यापारियों के लिए अनेक बेहतरीन जगहों पर कॉन्फ्रेंस की है। इसी कड़ी में इस वर्ष कम्पनी द्वारा कुल्लू-मनाली के पाँच सितारा रिवर ग्रैंड एवं मनाली इन होटल्स में मेगा कॉन्फ्रेंस 8 जुलाई से अनवरत 7 अगस्त 2025 तक चली। इस कॉन्फ्रेंस में देशभर के व्यापारी सपरिवार पहुँचकर एक आत्मीय माहौल में जोश एवं उत्साह के साथ जबरदस्त बुकिंग कराई।

**डिजिटल पर विशेष जोर-** इस वर्ष कम्पनी द्वारा अपने डिजिटल ट्रेड पर कार्य करते हुए यार्न से लेकर फिनिश तक की पूरी उत्पादन प्रक्रिया की वीडियो बनाकर सभी व्यापारियों के साथ साझा की गई, जो कम्पनी की कार्यकुशलता, तकनीक, गुणवत्ता एवं दूरदर्शिता को दर्शाती है और एसजीएस एवं व्यापारियों की प्रगाढ़ता को बढ़ाती है।

**टॉप टेन अवॉर्ड से सम्मानित-** कम्पनी के डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि इस मेगा कॉन्फ्रेंस के दौरान हर ग्रुप से 129 थान या उससे अधिक की बुकिंग कराने वाले तीन विशिष्ट व्यापारियों को मंच पर सम्मानित किया जा रहा है, जिससे उनकी मेहनत एवं कार्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मंच पर सराहा जा सके। कम्पनी द्वारा व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्पॉट बुकिंग स्कीम भी दी गई है।

**नये डवलपमेण्ट की विस्तृत रेंज का भव्य डिस्प्ले-** इस मेगा कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा अनेक डवलपमेण्ट पेश किए गए, जिसमें इम्पोर्टेड यार्न से निर्मित फाइन क्वालिटी में रॉयल टीआर, टेसिनी में रॉयल्टी एवं जगुआर, टीआर पोली विस्कोस, पोली विस्कोस लाइक्रा व 4 वे लाइक्रा, टेसिनी ब्राण्ड में अनेक नयी क्वालिटियां, शर्टिंग फैब्रिक की विशेष रेंज भी डिस्प्ले की गई, जो व्यापारियों को खूब पसंद आई है। साथ ही जोड़ी पैकिंग में सफारी, पेपर बॉक्स जो उपभोक्त ाओं को काफी आकर्षित करता है। कम्पनी द्वारा बेलीनी ब्राण्ड में 100 प्रतिशत कॉटन, कॉटन लिनन, ब्लैंडेड कॉटन और रेयॉन जैसी प्रीमियम शर्टिंग रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया जिसे जमकर बुकिंग मिली। कम्पनी के रेडीमेड गारमेण्ट ब्राण्ड जोड माइनर बाजार में तेजी से अपने कदम बढ़ा रहा है। वर्तमान में यह तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र और राजस्थान में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है।

**अनेक ग्रुप में व्यापारियों ने लिया भाग-** कम्पनी ने अपने व्यापारियों को परिवार सहित कॉन्फ्रेंस में बुलाया तथा बुलाकर उन्हें पारिवारिक माहौल से जोड़ दिया। कम्पनी के निर्धारित शेड्यूल के अनुसार देशभर के अलग-अलग राज्यों से डीलर्स अपने रिटेलर्स ग्रुप के साथ यहाँ पहुँचे। प्रत्येक ग्रुप द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित, बुकिंग प्रक्रिया, साइट सीन के साथ मनोरंजनात्मक कार्यक्रम को बहुत ही सुंदर एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया है। कम्पनी द्वारा प्रत्येक व्यापारी के लिए अच्छी व्यवस्था देखी गई। मानों व्यापारी यहाँ व्यापार करने नहीं, बल्कि इस आनंदमय कॉन्फ्रेंस का भरपूर मजा लेने अपने परिवार के साथ आया हो। कम्पनी द्वारा खाने-पीने, मनोरंजन, साइड सीन, खेलकूद, चाय-नाश्ता एवं हाई-टी सहित अनेक सुविधाओं की शानदार व्यवस्था की जाती है, जो भरोसे को दर्शाती है। आज एसजीएस भरोसे की परंपरा के साथ आगे बढ़ रही है। इसलिए हर राज्य का व्यापारी एसजीएस की कॉन्फ्रेंस में भाग लेता है।

**SGS की तरफ से सभी का धन्यवाद एवं आभार-** कम्पनी के चेयरमैन श्री गणेशदास राठी ने सभी व्यापारियों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि एसजीएस से जुड़े सभी व्यापारी हमारे लिए बेहद खास है। व्यापारी समय-समय पर एसजीएस परिवार के साथ खड़े रहें। कुल्लू-मनाली में आयोजित मेगा कॉन्फ्रेंस 2025 में आप सभी के आने से कॉन्फ्रेंस में चार चाँद लग गए। हमें विश्वास है कि एसजीएस की इस सुनहरी यादों के संग हम सभी आने वाले सीजन के लिए तैयार है।



# सूरत ड्रीम्स-IEE 2025 रहा बेहद सफल

## भारतीय परंपरा और आधुनिक फैशन का संगम बना इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो

**नई दिल्ली / सत्यप्रकाश... भारतीय वूमन्स फैशन इंडस्ट्री का सबसे प्रतिष्ठित B2B आयोजन 'इंटरनेशनल एथनिक एक्सपो -IEE-2025' 12 और 13 अगस्त 2025 को ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में शानदार सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। सूरत ड्रीम्स द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन को कपड़ा व्यापार का 'ब्रह्माण्ड' कहा जा रहा है और यह उपाधि इस बार पूरे तौर पर सार्थक भी हुई।**

**वूमन्स वियर इंडस्ट्री का सबसे बड़ा मंच :** एक्सपो विशेष रूप से वूमन्स फैशन को समर्पित रहा, जिसमें साड़ी, सूट, कुर्ती, लहंगा, रेडीमेड गारमेण्ट्स और वैल्यू एडेड फैब्रिक्स की नवीनतम और इनोवेटिव रेंज पेश की गई। यह आयोजन न केवल भारतीय फैशन की विविधता और परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय टेक्सटाइल की रचनात्मकता और नवाचार को भी मजबूती से प्रस्तुत करता है।

**400+ एग्जीबिटर्स एवं 50,000+ बायर्स ने की शिरकत :** सूरत, मुम्बई, जयपुर, अहमदाबाद, कोलकाता, दिल्ली, वाराणसी और लुधियाना जैसे प्रमुख हब्स से आए 400 से अधिक अग्रणी ब्राण्ड्स ने अपने लेटेस्ट कलेक्शंस को प्रदर्शित किया। वहीं 50,000 से अधिक बायर्स - जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, नेपाल, श्रीलंका, मलेशिया और बांग्लादेश जैसे देशों के अंतरराष्ट्रीय खरीददार भी शामिल होकर इस एक्सपो के गवाह बने।

**वन-स्टॉप सोर्सिंग एवं नेटवर्किंग :** फेस्टिव और वेडिंग सीजन की शुरूआत से ठीक पहले आयोजित इस मेगा एक्सपो ने देशभर के रिटेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को अपनी व्यापारिक रणनीति तय करने का उपयुक्त अवसर दिया। परंपरागत से लेकर मॉडर्न और फ्यूजन तक हर तरह की रेंज ने बायर्स को आकर्षित किया। साथ ही यह आयोजन एक सशक्त B2B नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म साबित हुआ, जहाँ व्यापार के साथ-साथ रिश्ते भी मजबूत हुए।

**शानदार अनुभव और व्यापारिक प्रभाव :** सूरत ड्रीम्स टीम द्वारा आयोजित IEE-2025 ने न केवल ट्रेड को गति दी, बल्कि भारतीय फैशन इंडस्ट्री को वैश्विक मंच पर नई ऊँचाई देने का कार्य किया। आमंत्रित व्यापारियों के लिए की गई प्रीमियम मेहमाननवाजी - एयर टिकट, होटल स्टे और बिजनेस नेटवर्किंग वातावरण ने आयोजन को और प्रभावशाली बना दिया।











### कयान प्रिंट्स को सूरत ड्रीम्स में मिला अमेजिंग रिस्पॉन्स


श्री नवीन शेवानी

सूरत ड्रीम्स एग्जीबिशन में कयान प्रिंट्स प्रा. लि., सूरत ने इस बार भी उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। पूरे आयोजन के दौरान स्टॉल पर व्यापारियों की जबरदस्त भीड़ रहीं और नए कलेक्शन को देखने के लिए उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। कंपनी के डायरेक्टर श्री नवीन शेवानी ने बताया कि कम्पनी ने इस मौके पर लगभग 250 से 300 नए कैटलॉग लॉन्च किए, जिन्हें देशभर से आए व्यापारियों ने काफी सराहा। विशेष रूप से डिजिटल प्रिंट साड़ियों की रेंज को व्यापारियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। श्री शेवानी ने आगे कहा कि आगामी फेस्टिव और वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए 'कयान प्रिंट्स' ने भव्य और विविधता से भरा डिस्प्ले तैयार किया था, जिसमें पारंपरिक व आधुनिकता का अनूठा मेल देखने को मिला। उन्होंने बताया कि इस बार प्रस्तुत की गई नई वैरायटी व्यापारियों के लिए बड़े पैमाने पर उपयोगी और ग्राहकों की डिमांड को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा - 'इस बार हमें बेहद सुपर्ब रिस्पॉन्स मिला। न केवल व्यापारियों ने हमारे कलेक्शन को पसंद किया, बल्कि सभी के साथ एक शानदार गेट-टुगेदर का अनुभव भी रहा। हर साल की तरह इस बार भी सूरत ड्रीम्स ने एक नया माइलस्टोन हासिल किया है और हमें विश्वास है कि इससे आगामी सीजन के लिए हमारे व्यापार को और मजबूती मिलेगी।'

### अर्थ फैब्रिक्स, सूरत को मिली शानदार प्रतिक्रिया

सूरत ड्रीम्स इवेंट में अर्थ फैब्रिक्स, सूरत ने इस बार भी अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई और व्यापार जगत से बेहतरीन सफलता हासिल की। कम्पनी के डायरेक्टर श्री भावेश बगड़िया ने बताया कि वे लगातार हर साल इस आयोजन में भाग लेते हैं और हर बार की तरह इस बार भी उन्हें सुपर रिस्पॉन्स प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस बार यहाँ नए ब्राण्ड ROOT FABRIC तहत पोजीशन प्रिंट साड़ियों का कलेक्शन पहली बार प्रस्तुत किया गया, जिसे विजिटर व्यापारियों ने बेहद पसंद किया। श्री बगड़िया के अनुसार ROOT FABRIC को मिले उत्साहजनक प्रतिसाद से स्पष्ट है कि यह ब्राण्ड आने वाले समय में मार्केट में अपनी अलग पहचान बनाएगा। इसके साथ ही 'अर्थ फैब्रिक्स' ने नए कैटलॉग भी लॉन्च किए, जिन्होंने इवेंट में व्यापारियों और विजिटर्स का खास ध्यान खींचा। इन लॉन्चेज ने कम्पनी को सुर्खियों में ला दिया और सूरत ड्रीम्स में उपस्थित कारोबारियों के बीच चर्चा का प्रमुख विषय बनें। श्री बगड़िया ने कहा - 'सूरत ड्रीम्स हमारे लिए सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि हर साल उद्योग जगत का बड़ा मिलन स्थल है, जहाँ हमें व्यापारियों से अपार सहयोग और प्यार मिलता है।'


श्री भावेश बगड़िया






















# रमेश शर्टिंग की ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस भैरहवा, नेपाल में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

## आगामी सीजन के उत्पादों का भव्य डिस्प्ले











भैरहवा/नेपाल... शर्टिंग फैब्रिक के प्रतिष्ठित ब्राण्ड 'रमेश शर्टिंग' द्वारा आगामी सीजन की तैयारियाँ जोर-शोर से शुरू की है। कम्पनी हमेशा बाजार में नया देने की चाह के साथ सीजन की शुरूआत करती आई है। हर वर्ष अपने उत्पादों में निखार लाना कम्पनी ने अपना मूल सिद्धांत बनाया है। 'रमेश शर्टिंग' की उत्पादक कम्पनी 'गाडोदिया सिन्टेक्स प्रा. लि.' द्वारा आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए टाइगर रिसोर्ट भैरहवा, नेपाल के पाँच सितारा होटल में 11 वीं ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस 26 से 31 जुलाई 2025 को आयोजित की गई, जहाँ कम्पनी द्वारा अपने नये एवं इनोवेटिव कलेक्शन का भव्य डिस्प्ले किया गया।

कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ कम्पनी के संस्थापक श्री शिव प्रकाश गाडोदिया, डायरेक्टर श्री महेश गाडोदिया, श्री रमेश गाडोदिया, श्री दिनेश गाडोदिया और कम्पनी की युवा टीम से श्री आशीत गाडोदिया, श्री आदित्य गाडोदिया की उपस्थिति में ऑल इंडिया से पधारे रिटेलर्स के मध्य दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा अपने शर्टिंग ब्राण्ड रमेश शर्टिंग, गारमेण्ट ब्राण्ड मोन्टेरो एवं कॉटन साड़ी ब्राण्ड गणगौर का भव्य डिस्प्ले किया गया, जो आगामी सीजन के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।





### रमेश शर्टिंग का भव्य डिस्प्ले

कम्पनी के डायरेक्टर श्री रमेश गाडोदिया ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा शर्टिंग फैब्रिक में प्रिंट कलेक्शन पर फोकस करते हुए अनेक नए क्रिएशन, प्लेन आयटम में भरपूर बेस के प्रॉडक्ट को जबरदस्त सराहा गया। इसके अलावा शर्टिंग फैब्रिक की सभी वैरायटियों डिजिटल प्रिंट, प्लेन, चैक्स, कॉटन, डोबीज, जैकार्ड, गीजा कॉटन में विस्तृत कलर चार्ट रिटेलर्स के समक्ष प्रस्तुत किए , जिसे देखते ही रिटेलर्स मंत्रमुग्ध हो गए। व्यापारियों में इस ब्राण्ड को लेकर भरपूर उत्साह दिखाई दिया। आज बाजार में रमेश शर्टिंग की क्वालिटियों एवं इसके नये कलेक्शन की डिमाण्ड देखने को मिल रही है। इस भव्य डिस्प्ले को देखकर व्यापारी बुकिंग कराने में उत्साहित नजर आए।

### गारमेण्ट ब्राण्ड मोन्टेरो का रिच डिस्प्ले

कम्पनी के डायरेक्टर श्री दिनेश गाडोदिया एवं युवा श्री आदित्य गाडोदिया ने बताया कि इस ब्राण्ड को लेकर कम्पनी उत्साह के साथ आगे बढ़ रही है। इस कॉन्फ्रेंस में मोन्टेरो ब्राण्ड को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। कम्पनी द्वारा रेडीमेड शर्ट, जीन्स, कुर्ते, ट्राउजर एवं सिंगल, टू पीस, थ्री पीस, फाइव पीस ब्लेजर की रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया। कम्पनी द्वारा भारतीय वस्त्र बाजार में गारमेण्ट क्षेत्र के बड़े ब्राण्ड के समकक्ष कलेक्शन को इस कॉन्फ्रेंस में पेश किया गया। प्रत्येक व्यापारी ने इस ब्राण्ड के उत्पादों की फिल फिनिश एवं लुकिंग की जमकर तारीफ की और कहा कि यह कलेक्शन काफी रिच है। इस रेंज में रिटेलर्स द्वारा भरपूर बुकिंग कराई गई।

### कॉटन साड़ी ब्राण्ड गणगौर में जबरदस्त बुकिंग

कम्पनी के डायरेक्टर श्री महेश गाडोदिया एवं युवा श्री आशीत गाडोदिया ने बताया कि कम्पनी द्वारा कॉटन साड़ी ब्राण्ड के अंतर्गत आगामी छठ पूजा को लेकर अनेक कलेक्शन का डिस्प्ले किया गया, जिसमें एम्ब्रॉयडरी वर्क की भव्य रेंज पेश की गयी। जो देखते ही मन को लुभावनी लग रही थी। इस रेंज में रिटेलर्स नये क्रिएशन को देखकर बुकिंग कराने पर विवश हो गए।








### रिटेलर्स ने उत्साह के साथ भाग लिया

कम्पनी द्वारा आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में रिटेलर्स ने सभी उत्पादों को सराहा तथा कम्पनी के जुडाव एवं आपसी समरसता को ध्यान में रखते हुए कम्पनी द्वारा महज एक माह में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में रिटेलर्स ने उत्साह के साथ भाग लिया। व्यापारियों ने कम्पनी के उत्पादों सहित पूरी टीम की जमकर सराहना की तथा कहा कि गाडोदिया सिन्टेक्स से हम लंबे समय से जुड़े हुए हैं। कम्पनी समयानुसार हमें नये डवलपमेण्ट से रूबरू कराती है। इसके नये प्रॉडक्ट, नयी रेंज हमेशा बाजार में डिमाण्ड के साथ बिकती है।



### युवा टीम का भरपूर सहयोग

आज के फैशन ट्रेंड में युवाओं की भागीदारी बेहद खास है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आज 'गाडोदिया सिन्टेक्स' की टीम में श्री रमेश गाडोदिया के सुपुत्र श्री आशीत गाडोदिया कॉटन साड़ी ब्राण्ड के इनोवेटिव कलेक्शन पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुए बाजार में अतिसुंदर कलेक्शन पेश करने में श्री महेश गाडोदिया के दिशा-निर्देशन में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे ही रेडीमेड गारमेण्ट ब्राण्ड के अंतर्गत श्री महेश गाडोदिया के युवा सुपुत्र श्री आदित्य गाडोदिया हर आयु वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए मोन्टेरो ब्राण्ड को बाजार में नयी पहचान के साथ-साथ नये डवलपमेण्ट पर फोकस कर रहे हैं। आज इस ब्राण्ड के उत्पादों की क्वालिटी बेहद सुंदर एवं रिच है, जो बाजार में धड़ल्ले के साथ बिक रही है।

















# उत्तर भारत के प्रतिष्ठित होलसेल संस्थानों में अग्रणी शिखा टेक्सटाइल एवं रिषभ टेक्सटाइल की रिटेल कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन







अमृतसर/ उत्तर भारत के नामचीन होलसेल संस्थानों में अग्रणी शिखा टेक्सटाइल एवं रिषभ टेक्सटाइल ने 2 से 3 अगस्त 2025 तक रिटेल कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया। यह आयोजन 'शिखा टेक्सटाइल' के 4 मंजिला सेल्स कम वेयरहाउस में किया गया। इस वेयरहाउस में हर समय व्यापारियों के लिए सूटिंग-शर्टिंग एवं लेडीज ड्रेस मटीरियल का विशाल कलेक्शन उपलब्ध रहता है। 2 दिवसीय इस रिटेल कॉन्फ्रेंस में सूटिंग-शर्टिंग के नामचीन ब्राण्ड्स सहित लेडीज ड्रेस मटीरियल में देश के मशहूर उत्पादकों के एक्सक्लूसिव डिजाइन का डिस्प्ले भी किया गया।

शिखा टेक्सटाइल के डायरेक्टर श्री रिषभ अरोड़ा ने बताया कि इस कॉफ्रेंस के साथ ही प्रतिष्ठित मेन्स वियर फैशन ब्राण्ड सियाराम की भव्य कॉन्फ्रेंस का आयोजन भी किया गया, जहाँ प्रदर्शित सियाराम्स की सम्पूर्ण रेंज को व्यापारियों द्वारा खूब सराहना मिली और जिसे अपेक्षा से अधिक सफलता प्राप्त हुई।

संस्था के डायरेक्टर श्री रिषभ अरोड़ा ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में पंजाब, हिमाचल, जम्मू एंड कश्मीर आदि राज्यों से लगभग 300 से अधिक व्यापारियों ने शिरकत की और प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन कर उपयुक्त बुकिंग कराई और इस भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस को सफल बनाया।

## मेन्स एवं लेडीज वियर ब्राण्ड्स का भव्य डिस्प्ले

इस दौरान राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात मेन्स वियर ब्राण्ड्स में सियाराम, रेमण्ड, ओ.सी.एम., क्यूमैक्स, एम.पी. टेक्स, एस.आर.एस, रोयलीन, आर.बी.टेक्स, गड़ोनी, जी-मैक्स और लेडीज वियर में अहमदाबाद-सूरत के नामचीन ब्राण्ड्स के साथ ही रानी फैशन, शंकर प्रिंट्स, शिबा इत्यादि ब्राण्ड्स का डिस्प्ले आकर्षक रहा। इस दौरान व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। व्यापारियों से हुई चर्चा में व्यापारियों ने बताया कि दिवंगत पिता श्री गुल्लू की तरह वे भी व्यापारियों को अपना परिवार मानने के स्वभाव के कायल हैं। उनके कार्यकौशल एवं जुनून के कारण ही व्यापारियों का उनके प्रति विशेष जुड़ाव रहता है। इस दौरान संस्थान की टीम ने बहुत मेहनत एवं लगन से इस कॉन्फ्रेंस को सफल बनाया।

















# सियाराम्स की अमृतसर रिटेल कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन







अमृतसर/ देश के मेन्स फैशन इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित ब्राण्ड 'सियाराम्स' की 2 से 3 अगस्त 2025 को होटल गोल्डन लोटस में रिटेल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। यह उत्तर भारत के नामचीन एवं अग्रणी होलसेलर 'शिखा टेक्सटाइल' के तत्वावधान में यह आयोजन बेहद सफल रहा। इस दो दिवसीय रिटेल कॉन्फ्रेंस में सियाराम्स के सभी ब्राण्ड्स की विस्तृत शृंखला व्यापारियों के समक्ष प्रदर्शित की गई। जिसे देख व्यापारी काफी उत्साहित नजर आए और मांग के अनुरूप बुकिंग कराई।

Siyaram's

कार्यक्रम का शुभारंभ 'शिखा टेक्सटाइल' के डायरेक्टर श्री रिषभ अरोड़ा, जनरल मैनेजर श्री विनोद भाटिया, कम्पनी एजेंसी पार्टनर जय टेक्सटाइल के डायरेक्टर श्री जितेंद्र मेहरा, श्री गौरव मल्होत्रा एवं साथ ही सियाराम्स कम्पनी के अधिकारीगण एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## व्यापारिक फीडबैक

